विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911
सोफा, दीवान, कुर्सी, पलंग, डाइनिंग टेबल, ड्रेसिंग टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचरों के निर्माता एवं विक्रेता
शारदा विहार, रेलवे क्रासिंग के पास, पावर हाउस रोड, कोरबा


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 102 | कोरबा, रविवार, दिनांक 12 जनवरी 2025 डाक 13 जनवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

**विविधा**

राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन के 81वें जन्मदिन के अवसर पर झामुमो विधायक कल्पना मुर्मू ने झारखंड के रांची में उनसे आशीर्वाद लिया



**देश-विदेश**

कन्नौज रेलवे स्टेशन पर बड़ा हादसा अचानक गिरा निर्माणाधीन भवन का लेंटर, 25 मजदूर घायल



**फीचर**

बाल झड़ने से हैं परेशान तो अपनाएं ये 6 तरीके, कुछ ही दिनों में दिखने लगेगा फायदा



# मुख्यमंत्री साय से मुलाकात कर अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी ने किया बड़ा ऐलान

**☛ 60 हजार रुपए करोड़ से अधिक का निवेश, छत्तीसगढ़ में औद्योगिक और सामाजिक विकास को मिलेगी नई रफ्तार**

**रायपुर, 12 जनवरी [एजेंसी]।**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में मशहूर उद्योगपति गौतम अडानी ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री साय ने उन्हें स्थानीय कलाकारों द्वारा निर्मित शाल और नंदी भेंटकर छत्तीसगढ़ में उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री साय से मुलाकात के दौरान अडानी ने छत्तीसगढ़ में ऊर्जा और सीमेंट के क्षेत्र में 65 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि निवेश किए जाने की घोषणा की। अडानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के रायपुर, कोरबा और रायगढ़ में अडानी समूह अपने पावर प्लांट्स के विस्तार के लिए 60 हजार करोड़ रुपए का निवेश करेगा। इन परियोजनाओं के माध्यम से राज्य की विद्युत उत्पादन क्षमता में 6,120 मेगावाट की अतिरिक्त बढ़ोत्तरी होगी। चेयरमैन अडानी ने आगे बताया कि अडानी समूह राज्य में सीमेंट प्लांट्स के विकास और विस्तार के लिए भी 5,000 करोड़ का निवेश करेगा। यह कदम राज्य के औद्योगिक विकास को मजबूती देगा और रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा। छत्तीसगढ़ के विकास के लिए अडानी समूह 10 हजार करोड़ रुपए का करेगा निवेश मुख्यमंत्री साय को



अडानी ने बताया कि अडानी फाउंडेशन के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अगले चार वर्षों में 10 हजार करोड़ का निवेश किया जाएगा। यह पहल राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास को नई ऊंचाई पर ले जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अडानी समूह के इस पहल की सराहना करते हुए इसे छत्तीसगढ़ के विकास के लिए एक बड़ा कदम बताया। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि यह निवेश न केवल छत्तीसगढ़ की आर्थिक और औद्योगिक स्थिति को सुदृढ़ करेगा, बल्कि इसे देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

**बीजापुर में सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़**

## तीन नक्सली ढेर, रुक-रुककर हो रही गोलीबारी



**बीजापुर।** बीजापुर के नेशनल पार्क क्षेत्र के जंगलों में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षा बल की टीम ने नक्सली विरोधी अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान रविवार की सुबह नेशनल पार्क क्षेत्र में पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। यह मुठभेड़ अब भी रुक-रुक कर जारी है। जानकारी के मुताबिक, मुठभेड़ में अब तक तीन नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। ऑटोमेटिक हथियार भी बरामद हुए हैं। मुठभेड़ अभी भी जारी है। भोपालपटनम के मद्देड़ इलाके में बन्देपारा-कोरणजेड के जंगलों में सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो रही है। सुबह से रुक-रूककर गोलीबारी हो रही है। पुलिस के आला अधिकारियों ने इस मुठभेड़ की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बल सर्च अभियान में जुटे हुए हैं और विस्तृत जानकारी अभियान समाप्त होने के बाद साझा की जाएगी।

## चेन्नई में भारी बारिश,15 जनवरी तक जारी रहेगी बारिश

**तमिलनाडु।** भारतीय मौसम विभाग ने चेन्नई में भारी बारिश और आंधी के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। शहर में पूरे सप्ताह हल्की से मध्यम बारिश होने की उम्मीद है, जबकि 17 जनवरी तक आसमान में बादल छाए रहेंगे। मौसम विभाग ने मयिलादुथुराई, नागपट्टिनम, थिरुवरुर, तंजावुर, पुदुक्कोट्टई, रामनाथपुरम, थूथुकुडी, कन्याकुमारी और कराईकल सहित कई इलाकों में आंधी-तूफान आने का अनुमान लगाया है। अगले एक घंटे में रामनाथपुरम और नागपट्टिनम में हल्की बारिश होने की उम्मीद है।

## नशे की भेंट चढ़ रही जवानी, भूपेंद्र हुड्डा ने जताई चिंता, कहा- सरकार ने उड़ता हरियाणा बना दिया



**चंडीगढ़, 12 जनवरी [एजेंसी]।**

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हरियाणा की जवानी नशे की भेंट चढ़ रही है। दूध-दही के खाने वाले हरियाणा को नशा तस्करों ने ड्रग्स, अफीम, चिट्टा, हेरोइन, ब्राउन शुगर, स्मैक, चरस, गांजा, कोकीन, भांग और सुल्फा का अड्डा बना दिया है। नशा कारोबारी बेखौफ अपने साम्राज्य को फैला रहे हैं, जिससे उनका नेटवर्क हर गांव, गली व मोहल्ले तक पहुंच गया है। हुड्डा ने कहा कि युवाओं से लेकर महिलाएं और छोटे-छोटे बच्चे भी नशे की चपेट में आकर जान गंवा रहे हैं। हरियाणा की पहचान उसका शुद्ध, सात्विक खाना, उर्जावान युवा, जवान और खिलाड़ी होते थे, लेकिन प्रदेश सरकार ने इसे नशे में 'उड़ता हरियाणा' बना दिया है। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से दिसंबर 2023 में राज्यसभा में पेश की गई रिपोर्ट के मुताबिक हरियाणा में नशा करने वाले 16.51 फीसद लोग अफीम, हेरोइन और चिट्टा का इस्तेमाल करते हैं। 11 प्रतिशत लोग नशे के लिए गांजा, भांग और चरस तथा पांच प्रतिशत लोग नींद के लिए ली जाने वाली नशीली दवाइयों और बड़ी मात्रा में लोग कोकीन का भी इस्तेमाल करते हैं।

## मलकानगिरी में माओवादियों से जुड़ी स्व-लोडिंग राइफल, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद



**ओडिशा।** पुलिस ने मलकानगिरी जिले में माओवादी समूहों से जुड़े होने का संदेह जताते हुए हथियारों और विस्फोटकों का एक बड़ा जखीरा जब्त करके एक बड़ी सफलता हासिल की। मोटू पुलिस स्टेशन के अंतर्गत जिनलगुडा इलाके में चलाए गए इस अभियान में एक अत्याधुनिक सेल्फ-लोडिंग राइफल (एसएलआर), जिंदा गोला-बारूद, मोबाइल फोन, बैकपैक और अन्य सामान बरामद किए गए। मलकानगिरी के एसपी वी. शर्मा ने बताया कि विश्वसनीय इनपुट के आधार पर कल तलाशी अभियान शुरू किया गया था। माओवादी डंप से स्लिंग, मैगजीन, गोला-बारूद चार्जर क्लिप और अन्य सामान के साथ एसएलआर राइफल जब्त की गई है।

अधिकारियों ने बताया कि ये सामग्री जमीन के अंदर दबी हुई पाई गई, जो माओवादी तत्वों द्वारा गुप्त अभियान का संकेत है। मलकानगिरी में पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने अभियान की निगरानी की। 16 दिसंबर को बोलनगीर जिले की पुलिस ने तुरेकेला के पास स्थित छतरटांडी जंगल में विस्फोटकों और कई अन्य माओवादी लेखों का एक बड़ा जखीरा जब्त किया। इसी तरह, नवंबर के महीने में ओडिशा के बौध जिले में दो माओवादी डंपों का भंडाफोड़ करके सुरक्षा बलों ने सफलता हासिल की।

## फिर सड़कों पर उतरे पप्पू यादव के समर्थक

**पटना समेत कई जिलों में सड़क पर बवाल कर रहे**




**पटना, 12 जनवरी [एजेंसी]।**

पटना, पूर्णिया, मधेपुरा, सहरसा, सासाराम, सुपौल, किशनगंज, गया, औरंगाबाद, मुजफ्फरपुर, समेत कई जिलों में पप्पू यादव के समर्थक प्रदर्शन किया। पटना के अशोक राजपथ के NIT मोड़ के पास पप्पू यादव के समर्थकों ने आगजनी की। यातायात को पूरी तरह बाधित कर दिया। इस मामले में जाप के पूर्व छात्र नेता मनीष यादव ने कहा कि यह सिर्फ बीपीएससी का मुद्दा नहीं है। बल्कि, देशभर की किसी भी प्रतियोगिताओं परीक्षा होने से पहले ही पेपर लीक हो जाती है। एक तरह से देखा जाए तो आज बीपीएससी, सिपाही भर्ती परीक्षा, मेडिकल परीक्षा हर जगह माफिया का राज है। बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं पीटी परीक्षा रद्द कराने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी है। एक ओर प्रशांत किशोर आमरन अनशन पर हैं। वहीं दूसरी ओर बिहार के इकलौते सांसद पप्पू यादव ने चक्का जाम के बाद पूरे बिहार में बंद का एलान किया है। पटना, हाजीपुर, पूर्णिया, मधेपुरा, सहरसा, सुपौल समेत कई जगहों पर सड़क पर उतर गए हैं।

**प्रदर्शनकारी सड़क पर** आगजनी कर प्रदर्शन कर रहे हैं। इनका कहना है कि बीपीएससी 70वीं पीटी परीक्षा को रद्द करे और फिर से परीक्षा ले। प्रदर्शनकारी नीतीश सरकार के विरोध में नारेबाजी कर रहे थे।

## एस. जयशंकर जाएंगे अमेरिका, 20 जनवरी को ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में होंगे शामिल



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर 20 जनवरी को अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे।

## भीषण आग, 6-7 दुकानें जलकर राख

**ठाणे 12 जनवरी।** ठाणे में भिवंडी के खांडुपड़ा इलाके में सुबह फर्नीचर के गोदाम, होटल, शादी में इस्तेमाल होने वाली लकड़ियों, भंगार के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। भिवंडी कस्बे के खांडूपड़ा इलाके में भंगार के गोदाम से आग शुरू हुई। आग इतनी ज्यादा विकराल हो गई कि उसने अपनी चपेट में तकरीबन 6 से 7 दुकानों को ले लिया। ये दुकानें आग में जलकर राख हो गईं।

## बांग्लादेश का कबूलनामा! हिंदू समेत अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले, बताया- बर्बरता के पीछे किसका है हाथ

☛ **पुलिस ने कहा- अल्पसंख्यकों के खिलाफ अधिकांश हमले राजनीतिक प्रकृति के हैं..**

☛ **रिपोर्ट में कहा गया कि केवल कुछ सांप्रदायिक हमले हो रहे....**



**ढाका, 12 जनवरी [एजेंसी]।**

बांग्लादेश में हिंदुओं पर बर्बरता की बात अब जगजाहिर है। कभी हिंदुओं को निशाना बनाया जाता तो कभी उनके मंदिरों पर हमला होता है। केवल हिंदू ही नहीं दूसरे अल्पसंख्यक भी सुरक्षित नहीं हैं। इस बात का कबूलनामा खुद वहां की मोहम्मद यूनुस सरकार ने किया है। हालांकि, इन हमलों के पीछे किसका हाथ है, इसका भी खुलासा किया गया है। यूनुस सरकार ने एक पुलिस रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि पिछले साल 4 अगस्त से अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ लगातार हमले हो रहे हैं।हालांकि, सरकार का कहना है कि ये अधिकांश हमले राजनीतिक प्रकृति के थे। सरकार ने ये भी माना है कि इसमें से कई हमले सांप्रदायिक थे, लेकिन ज्यादातर मामले राजनीति से प्रेरित थे। पुलिस ने सांप्रदायिक हिंसा की शिकायतों को सीधे प्राप्त करने और अल्पसंख्यक समुदाय के साथ संपर्क बनाए रखने के लिए एक व्हाट्सएप नंबर भी जारी किया है। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने कहा कि पुलिस की जांच बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद द्वारा हाल ही में दावा किए जाने के बाद हुई है कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के 5 अगस्त को देश छोड़कर भाग जाने से एक दिन पहले से सांप्रदायिक हिंसा की 2010 घटनाएं हुई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि हिंसा की कुल घटनाओं में से 1769 घटनाएं हमले और बर्बरता के रूप में दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने अब तक दावों के आधार पर 62 मामले दर्ज किए हैं और जांच के आधार पर कम से कम 35 दोषियों को गिरफ्तार किया है। हालांकि, यह दावा किया गया है कि अधिकांश मामलों में हमले सांप्रदायिक रूप से प्रेरित नहीं थे, बल्कि, वे राजनीतिक प्रकृति के थे।

## भाजपा को चुनाव से पहले झुग्गीवासियों का वोट फिर जमीन चाहिए, बीजेपी पर बरसे अरविंद केजरीवाल

**नईदिल्ली, 12 जनवरी [एजेंसी]।**



अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा वाले झुग्गीवालों को कीड़े-मकौड़े समझते हैं। दिल्ली चुनाव नजदीक आते ही ये झुग्गीवासियों के घर में सो रहे हैं। भाजपा को चुनाव से पहले झुग्गीवासियों का वोट और चुनाव के बाद इनकी जमीन चाहिए। अमित शाह झुग्गीवासियों को गुमराह कर रहे हैं। भाजपा कहती है कि 'जहाँ झुग्गी, वहाँ मकान', लेकिन ये नहीं बता रहे कि जहां झुग्गी, वहां इनके दोस्त और बिल्डर्स के मकान। पूरी दुनिया जानती है कि इनका एक ही दोस्त है, अपने दोस्त को देने के लिए इनकी झुग्गीवालों की जमीन पर बुरी नजर है। करावल नगर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कपिल मिश्रा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 पर कहा, करावल नगर की जनता उत्साह में है और हम लोग करावल नगर से एक रिकॉर्ड जीत हासिल करने जा रहे हैं। दिल्ली में भी इस समय बदलाव की लहर है। भाजपा सरकार बनाने जा रही है। आतिशी ने सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस करके क्राउड फंडिंग कैंपेन लॉन्च किया। सीएम आतिशी ने कहा, आम आदमी पार्टी के विधायक, मंत्री और मुख्यमंत्री ईमानदारी से काम करते हैं। हमने पिछली बार भी देश और दिल्ली की जनता से मदद मांगकर चुनाव लड़ा था और इस बार भी हम जनता के समर्थन और मदद से चुनाव लड़ रहे हैं। मुझे कालकाजी सीट से चुनाव लड़ने के लिए 40 लाख रुपये की जरूरत है। दिल्लीवासी 100 रुपये या 1000 रुपये देकर मदद कर सकते हैं। भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने पार्टी की दूसरी सूची जारी होने पर कहा, भाजपा ने जिन कार्यकर्ताओं को टिकट दिया है, वे सभी अनुभवी कार्यकर्ता हैं। हम सभी कार्यकर्ताओं को पूरा विश्वास है कि विधानसभा चुनाव में हमारी डबल इंजन की सरकार बनेगी और हम भारी बहुमत से जीतेंगे। पार्टी ने जिन कार्यकर्ताओं को उम्मीदवार बनाया है, वे सभी समर्पित कार्यकर्ता हैं। भाजपा नेता हरीश खुराना ने मोती नगर विधानसभा सीट से टिकट मिलने पर कहा, मुझे यह जिम्मेदारी देने के लिए मैं अपने शीर्ष नेतृत्व, प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत तमाम नेताओं का आभार व्यक्त करता हूं। मैं इस जिम्मेदारी को पूरा करने की पूरी कोशिश करूंगा और पिछले 10 सालों में मोती नगर की जो भी स्थिति रही है, जो भी समस्याएं हैं।

## भारत का जलवा, पहले इंडोनेशिया के राष्ट्रपति को गणतंत्र दिवस पर बनाया चीफ गेस्ट

**फिर पाक की यात्रा करवा दी रद**



**इंडोनेशिया, 12 जनवरी [एजेंसी]।**

भारत ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो को इस बार गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। उनकी यात्रा के बारे में आधिकारिक घोषणा किसी भी समय होने की उम्मीद है, लेकिन भारत नहीं चाहता था कि राष्ट्रपति की प्रस्तावित पाकिस्तान यात्रा के साथ उनकी भारत यात्रा को जोड़ा जाए। अब संभावना है कि वहां की सरकार ने इसे मान लिया है। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो अपनी दिल्ली की यात्रा के बाद पाकिस्तान नहीं जाएंगे, ऐसा माना जा रहा है। गणतंत्र दिवस के लिए प्रबोवो की भारत यात्रा के दौरान पाकिस्तान की यात्रा टाली जा सकती है। सुबियांतो इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारत के राजकीय मेहमान होंगे। 1950 के बाद यह चौथा अवसर होगा जब इंडोनेशिया के राष्ट्रपति भारत के गणतंत्र दिवस पर राजकीय मेहमान होंगे। इंडोनेशिया के साथ भारत के बेहद पुराने सांस्कृतिक व ऐतिहासिक संबंध हैं।

## जीतू यादव को जिलाबदर करने की तैयारी समर्थकों के 22 ठिकानों पर पुलिस की दबिश




**इंदौर।** भाजपा पार्षद कमलेश कालरा के घर में तोड़फोड़ और हमला करने वाले 22 आरोपितों के ठिकानों पर एक साथ दबिश दी। भाजपा से निष्कासित पार्षद जीतू यादव समर्थक आरोपितों में कई तो निगमकर्मी हैं। इधर पुलिस जीतू यादव को जिलाबदर करने की तैयारी में है।दो डीसीपी की निगरानी में हुई छापेमारी से परदेशीपुरा, कुलकर्णीनगर, रुस्तम का बगीचा और भागीरथपुरा में हडकंप मच गया। एक ज्वेलरी शोरूम में तो भाजपा नेताओं से जुड़े लोगों ने पुलिस को रोकने की कोशिश की। शनिवार सुबह पुलिस ने वीडियो फुटेज के आधार पर 22 आरोपितों को चिह्नित कर सूची बना ली। डीसीपी (जोन-2)अभिनय विश्वकर्मा और डीसीपी (जोन-4) ऋषिकेश मीणा ने परदेशीपुरा और एमआइजी थाने की खुफिया टीम से आरोपितों के मकान-दुकान और उठक-बैठक के अड्डों की रैकी करवा कर एक साथ दबिश दी।




स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# जहाँ तक जाती है नजर...वहाँ आँखे जाती है ठहर...

## खेतो को सिंचित ही नहीं करती किसानों को समृद्ध भी बनाती है मिनीमाता हसदेव बाँगो जलाशय




उपरोड़ा ब्लॉक के अंतर्गत मिनीमाता बाँगो जलाशय छत्तीसगढ़ राज्य में सबसे बड़ा जलाशय की पहचान रखता है। जल संसाधन विभाग के मिनीमाता ( हसदेव ) बांगो परियोजना अंतर्गत कोरबा जिले में स्थित मिनीमाता बांगो बांध का निर्माण कार्य वर्ष 1992 में पूर्ण हुआ। यह बांध प्रदेश का सबसे अधिक जल भराव क्षमता एवं सबसे ऊँचा बांध है, इस बांध की जल भराव क्षमता 2894.33 मिलियन क्यूबिक मीटर (लाइव स्टोरेज) एवं 3264.33 मिलियन क्यूबिक मीटर (ग्रास स्टोरेज) है साथ ही बांध का डूबान क्षेत्र 185 स्क्वॉयर किलोमीटर है, इस बांध की ऊंचाई नदी के तल से 73 मीटर एवं फाउंडेशन लेवल से 87 मीटर है। यह बांध तीन महत्वपूर्ण हिस्सों में बना है जो कि 1. रॉक फिल बांध 2. मेसनरी बांध 3. मिटटी बांध है, जिसमे से रॉक फिल बांध 177मीटर, मेसनरी बांध 554.5 मीटर एवं मिटटी बांध 1778 मीटर है। मिनीमाता बांगो बांध की कुल लम्बाई 2509.5 मीटर है।

इस परियोजना में 6730 वर्ग किमी जलग्रहण क्षेत्र, बांध का उच्चतम स्तर 366 मीटर, अधिकतम जलाशय स्तर 363.08 मीटर, पूर्ण जलाशय स्तर 359.66 मीटर है। वर्तमान में बांध की सुरक्षा के लिए विभिन्न जटिल कार्यों को सम्बद्ध किया गया है। यहां बांध के सुरक्षा के लिए जवान लगातार तैनात है और सीसीटीवी से भी निगरानी रखी जा रही है। इस बांध और आसपास के सुंदर नजारों को निहारने के लिए कोरबा जिला ही नहीं अन्य जिले के लोग भी निरन्तर यहां आते हैं। कोरिया जिले के परमानंद दास, सुशीला सिंह, माया सिंह ने बांगो बांध का नाम सुना था। उन्हें इस बांध को करीब से देखने की इच्छा थी। यहां आकर जब बांध को देखा तो उन्हें दूर-दूर तक पानी का ऐसा नजारा दिखा जैसे कोई नीला आकाश है। उन्होंने बताया कि वाकई में बांगो बांध को करीब से देख लेना सौभाग्य की बात है। हम लोग कब से योजना बना रहे थे, आज यहां आकर नदी- पहाड़ सब को पास से देखा।

**कोरबा ।** यह बाँगो जलाशय है...जिसका अधिकृत नाम अविभाजित मध्यप्रदेश में छत्तीसगढ़ की पहली महिला सांसद मिनीमाता के नाम पर मिनीमाता हसदेव बाँगो परियोजना है..। प्रकृति के सुरम्य वातावरण के बीच कई ऊंचे पर्वतों के आसपास जलमग्न इस नजारों को देखने यहाँ हर पर्यटकों की आँखों की पलके तब तक नहीं झपकती जब तक वह इस नयनाभिराम नजारों को अंतिम छोर तक नहीं देख लेता, हालांकि दूर-दूर तक कई किलोमीटर में फैला यह जलमग्न दृश्य हर किसी के आँखों में पूरी तरह से कैद नहीं हो पाता...क्योंकि उनकी नजरें जहाँ तक जा पाती है...पानी के ठहराव के बीच देखने वालों की आँखे भी वहीं तक ही ठहर जाती है। कोरबा जिले की पहचान और छत्तीसगढ़ की शान मिनीमाता हसदेव बाँगो जलाशय देखने वालों को रोमांचित ही नहीं करती..उन्हें अचंभित भी कर देती है। यहाँ आना और इन नजारों को करीब से देख पाना किसी सौभाग्य से कम नहीं, क्योंकि यह खूबसूरती की ही नहीं... लाखो लोगो की प्यास बुझाने के साथ किसानों के खेतो को हरा-भरा बनाकर उनके समृद्धि की भी पहचान है..।

कोरबा शहर से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोड़ी

# एकलव्य छुरीकला के छात्र टीकम सिंह बिंझवार प्रधानमंत्री से होंगे रूबरू

## प्रधानमंत्री के परीक्षा के चर्चा में शामिल होने का मिला अवसर



**कोरबा ।** छुरीकला के पीएमश्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता और उपलब्धियों से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के कक्षा 11 के छात्र टीकम सिंह बिंझवार का चयन शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित वार्षिक कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा 2025 में भाग लेने के लिए किया गया है। जिसमें वह 15 जनवरी 2025 को मुम्बई (महाराष्ट्र) में परीक्षा पर चर्चा 2025 के 8वें संस्करण में भाग लेंगे। टीकम सिंह बिंझवार ने परीक्षा पर चर्चा 2025 में पंजीकरण करते समय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से पूछा था कि भारत में आधुनिक प्रौद्यौगिकी जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम बुद्धि) एवं अन्य डिजिटल तकनीकि भविष्य में शिक्षा के क्षेत्र में किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। परीक्षा पर चर्चा का यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के परीक्षा से जुड़े तनाव को कम करने और उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरणा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाता है। प्राचार्य डॉ. असद अहमद ने कहा राष्ट्रीय मंच पर भाग लेने का अवसर मिलना पूरे क्षेत्र के लिए एक गर्व की बात है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र को प्रधानमंत्री से संवाद का अवसर मिलेगा, जिसमें वे परीक्षा की तैयारी, मानसिक स्वास्थ्य और कैरियर के मार्गदर्शन सहित तकनीकि से संबंधित सवाल पूछ सकेंगें। छात्र टीकम सिंह बिंझवार के चयन पर कलेक्टर श्री अजीत वसंत ,सहायक आयुक्त, (आदिवासी विकास) श्रीकान्त कसेर, जिला शिक्षा अधिकारी श्री टी पी उपाध्याय सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने शुभकामनायें दी।

## पाली महोत्सव की तैयारी हेतु जनप्रतिनिधियों की बैठक 15 जनवरी को

**कोरबा ।** कोरबा जिला में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दो दिवसीय पाली महोत्सव का आयोजन पाली महोत्सव ग्राउंड केराझरिया में किया जायेगा।

पाली महोत्सव की आवश्यक तैयारी हेतु जिले के जनप्रतिनिधियों की आवश्यक बैठक 15 जनवरी को शाम चार बजे कलेक्टर सभाकक्ष कोरबा में आयोजित की गई है।

## जांच दल गठित

**कोरबा ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा फ्लोरा कंपनी से ठगी की शिकार महिला/महिला समूहों को बैंक/माइक्रो फायनेंस कंपनी द्वारा लोन देने में शासकीय दिशा निर्देशों तथा आरबीआई के दिशा निर्देशों का उल्लंघन हुआ है अथवा नहीं के संबंध में बैंक/माईक्रो फायनेंस कर्मियों की भूमिका की जांच किये जाने हेतु छह सदस्यीय जांच दल गठित किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार अपर कलेक्टर कोरबा जांच दल के अध्यक्ष होंगे। प्रभारी अधिकारी अल्प बचत जिला कार्यालय कोरबा, जिला कोषालय अधिकारी, प्रबंधक अग्रणी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कोरबा, उप आयुक्त एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन नगर पालिक निगम कोरबा और सहायक परियोजना अधिकारी (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन प्रभारी) जिला पंचायत कोरबा को जांच दल का सदस्य बनाया गया है। जांच दल को 15 दिवस के भीतर विस्तृत जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं।

## एनकेएच का कैथलैब हृदयरोगियों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हो रहा



**कोरबा।** शहर के सुपर स्पेशिलिटी हास्पिटल एनकेएच में कैथलैब की सुविधा प्रारंभ होने से हृदय रोगियों को राहत मिलने के साथ जीवन की रक्षा हो रही है। एंजियोग्राफी व एंजियोप्लास्टी का समय पर लाभ संबंधितों को प्राप्त हो रहा है। इसी कड़ी में एक बड़ी उपलब्धि के साथ जिले का पहला सफल पेसमेकर ट्रांसप्लांट भी किया गया जिससे मरीज को नई जिंदगी मिली। एक ही दिन में 4 सफल एंजियोप्लास्टी भी की गई।

हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश सूर्यवंशी व टीम के द्वारा सर्जरी की गई तथा 20 से ज्यादा मरीजों को कॉर्डियक ओपीडी में देखा गया। प्रारंभ से लेकर अभी तक 100 से ज्यादा मरीज का एंजियोप्लास्टी कोरबा में हो चुका है व लगभग 1000 से ज्यादा मरीज हृदय रोग का इलाज भी करा चुके हैं। एनकेएच के डायरेक्टर डॉ. एस चंदानी ने कहा है कि यह सुविधा मिलने से कोरबा जिलावासियों को काफी राहत मिल रही है। अस्पताल में रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट व हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.सतीश सूर्यवंशी, डॉ.एस. एस. मोहंती, डॉ भरत अग्रवाल अपनी सेवाएं निरंतर दे रहे हैं। नियमित रूप से एंजियोप्लास्टी एवं एंजियोग्राफी की सुविधा एन के एच में दी जा रही है। जिससे लोग लाभान्वित हो रहे हैं। क्या है पेसमेकर प्रत्यारोपण स्थायी पेसमेकर प्रत्यारोपणएक चिकित्सा प्रक्रिया है जिसका उपयोग असामान्य हृदय गति (अरिदमिया) के इलाज के लिए किया जाता है, जैसे कि ब्रैडीकार्डिया (धीमी हृदय गति)। पेसमेकर एक छोटा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है जिसे छाती में प्रत्यारोपित किया जाता है। यह हृदय की गति को नियमित करने के लिए विद्युत आवेग भेजता है। कब आवश्यक होता है पेसमेकर1. ब्रैडीकार्डिया- जब हृदय की गति सामान्य से धीमी हो। ब्रैडीकार्डिया जब हृदय की गति सामान्य से धीमी हो। पूर्ण हृदय अवरोध- जब हृदय की विद्युत प्रणाली बाधित हो। हृदय विफलता = जब विद्युत गड़बड़ी के कारण हृदय सही तरीके से काम नहीं करता। सर्जरी के बाद अरिदमिया- हृदय सर्जरी के बाद अनियमित धड़कन। जन्मजात या अर्जित हृदय ब्लॉक- हृदय में विद्यमान रुकावट।पेसमेकर ट्रांसप्लांट के बाद सावधानियां और देखभाल नियमित जांच और पेसमेकर का फॉलो-अप। भारी उपकरणों या चुंबकीय क्षेत्र से बचाव। लक्षण जैसे चक्कर आना या बेहोशी महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें

## निकाय चुनाव की तैयारियां तेज की दलों ने

कोरबा। छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रस्तावित नगरीय निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस, अन्य क्षेत्रीय दलों, और निर्दलीय प्रत्याशी चुनावी रणनीतियों को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं ।

कांग्रेस ने प्रदेशभर के नगरीय निकायों के लिए अपने ऑब्जर्वर्स (पर्यवेक्षकों) की नियुक्ति कर दी है। इन नियुक्तियों का मकसद जमीनी स्तर पर पार्टी की स्थिति का आकलन करना, कार्यकर्ताओं के साथ संवाद स्थापित करना और प्रत्याशियों का चयन सुनिश्चित करना है । कोरबा जिले के सबसे बड़े नगर पालिका परिषद कटघोरा के लिए कांग्रेस ने पाली-तानाखार के पूर्व विधायक मोहितराम केरकेट्टा को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। उनकी अगुवाई में एक सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें पार्टी की चुनावी तैयारियों का जायजा लिया गया। सम्मेलन में कार्यकर्ताओं से चर्चा की गई, और अध्यक्ष व पार्षद पद के संभावित दावेदारों से मुलाकात की गई । कटघोरा नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष की दावेदारी के लिए संगठन के पास 5 नाम सामने आए हैं। पर्यवेक्षक मोहितराम केरकेट्टा और प्रदेश संयुक्त महामंत्री हरीश परसाई ने कहा कि कांग्रेस की तैयारियां पूरी तरह मजबूत हैं।

## निहारिका क्षेत्र में दूर होगी बिजली की समस्या,सबस्टेशन का भूमिपूजन



कोरबा। नगर विधायक, वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने शनिवार को सीएसईबी कॉलोनी पूर्व में बिजली वितरण विभाग के 1*5 एमवीए 33/11 केवी उपकेंद्र लागत 1.90 करोड़ का भूमिपूजन और शिलान्यास किया। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि ऊर्जाधानी से बनने वाली बिजली देश के कई राज्यों को रोशन करती हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह देखा गया है कि बिजली की समस्या भी बढ़ी है। जब से भाजपा के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी की सरकार बनी है तब से इस समस्या से निपटने के लिए तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। आज इस उपकेंद्र का भूमिपूजन किया गया है जल्द इसके बनने से सीएसईबी कॉलोनी , पथरीपारा, निहारिका के 3 हजार से अधिक उपभोक्ताओं और उनके परिवार जनों को लाभ मिलेगा।मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि कोरबा शहर की बिजली वितरण व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए 5 जगहों पर उपकेंद्र निर्माण के प्रस्ताव राज्य शासन को दिया गया था। विष्णु सरकार ने सभी उपकेंद्र के लिए स्वीकृति दे दी है। मंत्री श्री देवांगन ने जानकारी देते हुए कहा कि रूमगढ़ा , रताखार में 3.5 एमवीए के उपकेंद्र और झगहरा और परसाभाटा में 5 एमबीए के उपकेंद्र का निर्माण भी जल्द प्रारम्भ होगा। इन सभी के बनने से 25 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को सीधे तौर पर बिजली की समस्या से निजात मिलेगी।मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि सीएसईबी कॉलोनी की सड़कों की दुर्दशा किसी से नहीं छीपी थी, विष्णुदेव सरकार बनने के बाद हमने इस समस्या से राहत दिलाने के लिए प्रस्ताव दिया था, आपको जानकर खुशी होगी कि जो सड़क 15 साल से नहीं बनी थी वह महज एक साल में ही बन गई, एक करोड़ की लागत से सड़क डामरीकरण का कार्य पूर्ण हो चुकी है। साथ ही 5 लाख की लागत से गायत्री मंदिर के पास सड़क जिला खनिज न्यास मद से तैयार हो चुकी है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा, महामंत्री सन्तोष देवांगन, वार्ड क्रमांक 16 के पूर्व पार्षद नरेंद्र देवांगन,नरेंद्र पाटनवार, कोसबाड़ी मंडल अध्यक्ष डॉ राजेश राठौर, वैभव शर्मा रुक्मणि नायर, चुलेश्वर राठौर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नपा और एसईसीएल की अनुमति के बिना चल रहा क्राफ्ट मेला, उठे सवाल



कोरबा। दीपका के प्रगति नगर अंबेडकर पार्क में वर्तमान में आयोजित क्राफ्ट मेला विवादों में घिरता नजर आ रहा है। सूत्रों के मुताबिक यह मेला बिना एसईसीएल और नगर पालिका से आवश्यक अनुमति लिए संचालित किया जा रहा है। मेले में विभिन्न प्रकार के व्यावसायिक स्टॉल जिनमें खाने पीने की सामग्री, हर्बल उत्पाद, खादी कपड़े और आभूषण शामिल हैं, दर्शकों को आकर्षित कर रहे हैं। इस मेले में प्रतिदिन हजारों रुपए की बिजली खपत हो रही है। एसईसीएल के नियमों के तहत ऐसी गतिविधियों के लिए पूर्व अनुमति और बायलॉज का पालन आवश्यक होता है लेकिन इन नियमों की अनदेखी की जा रही है। इसके अलावा यह मेला अंबेडकर पार्क की भूमि पर संचालित हो रहा है जो कि विशेष रूप से सार्वजनिक उपयोग के लिए आवंटित की गई थी ना कि व्यावसायिक। एसईसीएल दीपका के क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय कुमार मिश्रा ने कहा क्राफ्ट मेले की सूचना हमें नहीं दी गई है और हमने इसके लिए कोई अनुमति (एनओसी) जारी नहीं की है। वहीं नगर पालिका से भी किसी प्रकार की अनुमति लिएजाने की जानकारी नहीं मिली है। किसी । भी नगर निकाय क्षेत्र में बाहरी मेलों या व्यावसायिक आयोजनों के लिए नगर पालिका से अनुमति लेना आवश्यक है। लेकिन इस मेले के । आयोजकों ने नियमों को ताक पर रखकर इसका संचालन शुरू कर दिया। है। एक माह तक चलने वाले इस मेले में लाखों रुपए की बिजली खपत और भूमि किराए का भुगतान संबंधित विभागों को किया जाना चाहिए लेकिन। अभी तक ऐसा कोई कदम उठाया नहीं। गया है। स्थानीय लोगों ने इस मेले को । अवैध बताते हुए प्रशासन से तुरंत- कार्रवाई की मांग की है। अगर समय 1 रहते इस मुद्दे का समाधान नहीं किया। गया तो यहन केवल प्रशासनिक नियमों की अवहेलना होगी बल्कि नगर के संसाधनों का भी दुरुपयोग होगा।

## धूमधाम से निकलेगी साई बाबा की पालकी यात्रा



कोरबा। श्री साईं बाबा सेवा समिति गांधी चौक, कोरबा के द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी पालकी यात्रा की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। समिति के स्थापना दिवस पर आयोजित की जाने वाली साईं बाबा की पालकी यात्रा स्थापना के 16 वें वर्ष 13 जनवरी 2025, सोमवार को धूमधाम से निकाली जाएगी। समिति के द्वारा इसकी तैयारियां की जा रही है।

समिति के सदस्य व युवा कार्यकर्ताओं के द्वारा आयोजन को लेकर वार्ड और मोहल्लों में भ्रमण कर इसकी जानकारी दी जा रही है । 13 जनवरी को यह पालकी यात्रा दोपहर 2 बजे पावर हाउस रोड स्थित शिव मंदिर से पूजा-अर्चना के बाद प्रारम्भ होगी। पुराना पवन टाकीज, अग्रसेन चौक, मुख्य।

शहर होते हुए सप्तदेव मंदिर से पालकी यात्रा वापस होकर रानी रोड, पुरानी बस्ती होते हुए गांधी चौक पहुंचकर संपन्न होगी। यहां बाबा की आरती की जाएगी और यात्रा को विराम दिया जाएगा। दूसरे दिन 14 जनवरी को आरती व भोग पश्चात गांधी चौक परिसर में बाबा का विशाल भंडारा दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा। साईं बाबा सेवा समिति ने पालकी यात्रा एवं भंडारा के आयोजन में अधिकाधिक संख्या में सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने आग्रह साईं भक्तों व नगरजनों से किया है।

## सीएमडी मिश्रा को मिला सम्मान

कोरबा। एसईसीएल के सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा को दो प्रतिष्ठित संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया गया है। खनन क्षेत्र के प्रतिष्ठित संस्थान द इंडियन माइनिंग एंड इंजीनियरिंग जर्नल ने उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाज़ा, जबकि इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैटेरियल्स मैनेजमेंट ने उन्हें चीफ एग्जिक्यूटिव ऑफिसर ऑफ द ईयर 2024 (पब्लिक सेक्टर) का पुरस्कार दिया है।

यह अवार्ड 8-9 जनवरी को भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित तीसरे इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन सेफ एंड सस्टेनेबल माइनिंग प्रैक्टिसेज के दौरान प्रदान किया गया। डॉ मिश्रा के नेतृत्व में एसईसीएल ने पिछले दो वर्षों में जेम पोर्टल के माध्यम से टेंडरिंग में नया रिकॉर्ड कायम किया है। आज मुख्यालय में निदेशक मंडल से एन फ्रेंकलिन जयकुमार और निदेशक वित्त डी सुनील कुमार सर ने सीएमडी एसईसीएल को उक्त दोनों सम्मान भेंट किए। इस अवसर पर महाप्रबंधक एमएम मनोज उपाध्याय, महाप्रबंधक सिस्टम शान्तनु मिश्रा, मनीष कुमार श्रीवास्तव महाप्रबंधक/टीएस सीएमडी भी उपस्थित रहे।

## बालको ने विविधता एवं समावेशी थीम पर जारी किया इस वर्ष का कैलेंडर

कोरबा । कोरबा जिले में स्थापित वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने वर्ष 2025 के लिए एक समावेशी एवं विविधता थीम आधारित कैलेंडर जारी किया। बालको के सीईओ एवं निदेशक राजेश कुमार की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। बालको कैलेंडर पूरी तरह से पुनर्नवीनीकरण कागज और डीकोम्पोज़ेबल फेब्रिक से बना है जिसमें शून्य प्लास्टिक है। पुनर्चक्रित कागज में बीज जड़े हुए हैं जिसे मिट्टी में रोपकर पानी देने से गेंदा सहिते कई फूल विकसित होंगे। कैलेंडर के लिए आयोजित पेंटिंग और स्केच प्रतियोगिता में बालको कर्मचारियों, परिवार के सदस्यों और व्यावसायिक भागीदारों ने भाग लिया। इसे सभी के रचनात्मक योगदान से तैयार किया गया। चयनित 12 कलाकृतियों को कैलेंडर के प्रत्येक पृष्ठ पर प्रदर्शित कर उनकी संक्षिप्त व्याख्या की गई है। कैलेंडर सम्मान समारोह में इन सभी लोगों को सम्मानित किया गया। समारोह में प्रतिभागियों एवं उनके परिवार के लोगों सहित लगभग 200 व्यक्ति शामिल हुए। कैलेंडर बालको की दृश्य अभिव्यक्ति है जो कंपनी द्वारा जीवन के हर क्षेत्र में सतत-उन्मुख कार्यों और व्यवहार और संचालन को विकसित करने के प्रयासों को दर्शाती है। अपने समावेशी लक्ष्यों की दिशा में काम करते हुए बालको कैलेंडर 'विविधता और समावेशी' थीम पर केंद्रित है, जो जनसांख्यिकी, कार्यस्थल, जैव और सामाजिक एवं सांस्कृतिक विविधता के सभी पहलुओं को समझने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया है। हर महीने में, आपको एक ऐसी विविधता का सार मिलेगा जो एकता, विकास और अपनेपन का प्रतीक है। यह कैलेंडर एक कलात्मक अभिव्यक्ति से अधिक, विविधता में एकता का प्रमाण है। कैलेंडर विभिन्न संस्कृति और साझा दृष्टिकोण को दर्शाता है। कंपनी कार्यस्थल और साथ ही अपने आस-पास के समुदाय में समावेशिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। व्यक्तियों की अद्वितीय क्षमताओं का जश्न मनाकर, सार्थक बदलाव लाने तथा उन्हें सशक्त बनाने में कंपनी विश्वास रखती है। समावेशी कार्यक्रमों के माध्यम अवसरों को तलाशने तथा सभी के लिए अधिक न्यायसंगत भविष्य बनाने के लिए कटिबद्ध है। वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के समाज को वापस लौटाने के दृष्टि के अनुरूप कार्य कर रही है। संयंत्र में समावेशिता को आगे ले जाने के दृढ़ संकल्प के साथ बालको ने अनेक लाभकारी योजनाएं लागू की हैं। विविधता एवं समावेशिता बढ़ावा देते हुए कंपनी 18 ट्रांसजेंडर और पांच दिव्यांगों को अपने संयंत्र में नियोजित किया है। कंपनी ने समानता को बढ़ावा देने और लिंग के आधार पर असुविधा या पूर्वाग्रह की आशंका खत्म करने के लिए 'जेंडर-न्यूट्रल' का बुनियादी ढांचा विकसित किया है।

# शासकीय भूमि के रिकार्ड में हेरफेर करने वालों पर करें कड़ी कार्यवाही: कलेक्टर

कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों पर कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि रिकार्ड में हेरफेर कर शासकीय भूमि को अपने नाम पर करने वालों की जांच की जाएं। ऐसे मामलों में किसी शासकीय सेवक की भूमिकाओं की भी सूक्ष्मता से जांच करते हुए उन पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश कलेक्टर ने दिए। कलेक्टर ने हिट एंड रन तथा आरबीसी 6-4 अंतर्गत प्रकरणों में समय पर पटवारी प्रतिवेदन, अंतिम जांच रिपोर्ट मंगाने और हिट एंड रन के प्रकरणों में पीड़ितो को लाभन्वित करने जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने में हो रही विलंब को दूर करने के निर्देश एसडीएम को देते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों से समन्वय कर समय पर रिर्पोट मंगाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री वसंत ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में जिले में धान खरीदी की स्थिति और अवैध धान को बेचने से रोकने की दिशा में की जा रही कार्यवाही की भी जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि धान खरीदी की स्थिति पर गंभीरता से नजर बनाये रखे। जो भी टोकन काटे जा रहे हैं उसका सत्यापन भी कराया जाएं। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में जांच दल को सक्रिय रहने और कार्यवही के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान की रिसाइकिलिंग रोकने और अंतिम सप्ताह में धान विक्रय होने पर शत प्रतिशत टोकन सत्यापन होने की मुनादी गांव में कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि जो मूल किसान है उन्हें धान बेचने में किसी प्रकार की कोई समस्या न हो, राजस्व अधिकारी इस बात का ध्यान जरूर रखे। बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने कोटवारी भूमि की जानकारी ली।

उन्होंने कोटवारी भूमि का किसी ने नामांतरण कराया है तो उनका नामान्तरण निरस्त करें और उसे पुनः शासन के खाते में दर्ज करें। कलेक्टर ने कहा कि कोटवारी भूमि का ट्रांजेक्शन अवैध है और उसका नामान्तरण भी अवैध है। उन्होंने सिंगल ट्रांजेक्शन वाले ऐसे प्रकरणों की जांच करने और रिकार्ड नहीं मिलने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व के प्रभारी अधिकारी (ओआईसी) को निर्देशित किया कि ऐसे प्रकरणों की जानकारी लेकर जिस भूमि का नामान्तरण नहीं हो सकता उसे एक माह के भीतर तहसीलदारों के माध्यम से निरस्त कर शासन के खाते में वापस कराएं। कलेक्टर ने आगामी बैठक से पूर्व ऐसे प्रकरणों पर कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे त्वरित और पारदर्शी तरीके से लंबित मामलों का समाधान करे। कलेक्टर ने अविवादित नामांतरण और बंटवारा के प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा करते हुए अविवादित नामांतरण और बंटवारा के मामलों का आवेदन दर्ज होने के के बाद निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विवादित नामांतरण और बंटवारा, भूमि व्यपवर्तन ,खाता विभाजन, नक्शा बटांकन की जानकारी ली। उन्होंने सीमांकन के प्रकरणों को दर्ज करने और दर्ज प्रकरणों का समय पर निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व के प्रभारी अधिकारी (ओआईसी) को मॉनीटरिंग करने और एक माह में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने ई-कोर्ट अंतर्गत लंबित प्रकरणों पर हो रही कार्यवाही की समीक्षा की और लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने त्रृटि सुधार, डिजीटल सिग्नेचर, किसान किताब, आधार सिडिंग, मसाहती ग्राम, स्वामित्व योजना, वन अधिकार पट्टा वितरण सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री अनुपम तिवारी, सभी एसडीएम, प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख, अधीक्षक भू अभिलेख, सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

# मंत्री के निर्देश पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी शहर में करा रहे हैं रोज सफाई

**चांपा ।** मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में व उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरूण साव के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद चांपा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर द्वारा प्रति दिन प्रात: कालीन नगर का भ्रमण किया जा रहा है।

जिसमें मुख्य रूप से नगर की साफ-सफाई, पेयजल, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। जिसमें देखा जा रहा है कि डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाले स्व सहायता समूह के स्वच्छता दीदियों को 7200 रुपए मासिक मानदेय के साथ साथ इनके आय में बढ़ोतरी के लिए घरों से निकलने वाले सूखे कचरे बेचकर एवं गिले कचरे से खाद बनाकर,बेचकर सभी स्वच्छता दीदियों की आय में वृद्धि कर रहे है। और समस्त स्वच्छता दीदियों की स्वस्थ्य के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इनका हेल्थ चेकअप हर सप्ताह कराया जा रहा है। इसी क्रम में शासन द्वारा



जारी किया गया टोल- फ्री नंबर निदान 1100 में साफ-सफाई, पेयजल एवं मूलभूत सुविधाओं की कमियों को दूर करने के लिए जारी की गई है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा स्वयं निदान 1100 में प्राप्त शिकायत का निवारण तत्काल प्रभाव से कराया जाता है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर द्वारा कड़ाके की ठंड होने के बावजूद वह प्रात: उठकर सफाई कर्मियों के साथ स्वयं निकल रहे हैं और शहर में घूम घूम कर सफाई कर रहे हैं उनका कहना है कि शासन का लक्ष्य स्वस्थ शहर एवं स्वस्थ जनता रहे इस उद्देश्यक पूर्ति के लिए उनका प्रयास जारी है।

# सारागांव नपं अध्यक्ष की सीट चौथी बार एससी वर्ग के लिए हुआ रिजर्व

**अन्य वर्गों के लोगों को एक बार फिर से होना पड़ा मायूस**

**चांपा।** नगरीय निकाय चुनाव करीब आ चुका है। नगरीय प्रशासन विभाग की ओर से होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के लिए अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण का सब इंतजार कर रहे थे। आरक्षण हो गया है, आरक्षण के बाद कहीं खुशी तो कहीं गम का माहौल है। आरक्षण की इस कड़ी में नगर पंचायत सारागांव लगातार चौथी बार अनिसूचित जाति के लिए आरक्षित हुआ है, जिससे अन्य वर्गों में साफ मायूसी झलक रही हैं। क्योंकि उन्हें भी इस बार आस थी कि शायद इस बार यहां की अध्यक्ष की सीट बदल जाए या फिर सामान्य हो जाए मगर ऐसा नहीं हुआ। लोगों ने जो आस - जताई थी वो धरी की धरी रह गई। ओबीसी वर्ग के लोगों में निराशा साफ दिखाई दे रही हैं। क्योंकि इस बार उन्हें भी आस थी कि शायद इस बार यहां की सीट ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित होगी मगर ऐसा नहीं हुआ और उनकी आस पर पानी फिर गई। बता दे कि सारागांव में सर्वाधिक संख्या में ओबीसी अन्य पिछड़ा वर्ग के लोग निवासरत है। इस बार ओबीसी के लोगों के चेहरे में बड़ी उत्साह देखी जा रही थी। क्योंकि आरक्षण आने से पहले सभी को यही लग रहा था कि इस बार नगर पंचायत सारागांव अध्यक्ष की सीट सामान्य या ओबीसी होने वाली है। अब देखा जाए तो लगातार चौथी बार यहां की अध्यक्ष की सीट अनुसूचित जाति में सिमट कर रह गई है। जिससे अन्य वर्गों के लोगों का कहना है कि नपं अध्यक्ष चुनाव लड़ने की आस घरी की धरी रह गई क्योंकि अन्य वर्ग के लोग भी इस पद पाने के लिए सालों से इंतजार कर रहे हैं।

# सहकारी बैंक के एटीएम में धन राशि नहीं होने से रोज परेशान हो रहे किशान

**जांजगीर-चांपा।** बैंकों में भीड़ कम करने के उद्देश्य से सहकारी समितियों में माइक्रो एटीएम की सुविधा शुरू की गई है। यहां किसानों को 10 हजार रुपए देने का नियम है लेकिन अधिकतर समितियों में चंद किसानों को इसका लाभ मिल रहा है। इतना ही नहीं जिला सहकारी बैंकों के धड़ाधड़ नए एटीएम मशीन भी लगाए जा रहे हैं मगर अधिकतर किसानों के पास एटीएम कार्ड ही नहीं है। इसके चलते कोर बैंकिंग के जमाने में भी सहकारी बैंकों से किसानों की कतार खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। घंटों तक मशक्कत के बाद जाकर किसानों को पैसा मिल रहा है। वो ही एक लिमिट में। इसके चलते किसान हलाकान हो रहे हैं।



गौरतलब है कि सहकारी समितियों में किसानों को थोड़ी राशि निकालने की सुविधा दिलाने माइक्रो एटीएम की सुविधा दी गई है। इसके जरिए किसान 10 हजार रुपए निकाल सकते हैं। लेकिन माइको एटीएम से पैसा निकालने के लिए एटीएम होना जिला मुख्यालय जांजगीर में जिला सहकारी बैंक नए भवन में शिफ्ट हो गया है। जहां बैंक के भीतर काफी जगह है। यहां उम्मीद जताई जा रही थी कि अब किसानों को कतार में लगना पड़ेगा तब भी धूप-बारिश से परेशान नहीं होना पड़ेगा। लेकिन नए भवन में भी राहत नहीं दिख रही है। स्थिति यह है कि नए भवन में भी गेट से लेकर सड़क तक ही किसानों की लंबी लाइन लग रही है। बड़ी दिक्कत किसानों को बुधवार के दिन हो रही है। साप्ताहिक बाजार लगने से बैंक के सामने दुकानें सजती है। बैंक के सामने बाइक रखने तक जगह नहीं बचती। किसानों को खड़े होने में परेशान होना पड़ता है। आज तक जिला मुख्यालय में साप्ताहिक बुधवारी बाजार को व्यवस्थित नहीं किए जाने के चलते सड़क पर ही बाजार लगता है।

## शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर किया ब्लेड से हमला

**जांजगीर ।** जांजगीर के एक युवक द्वारा शराब के लिए पैसा मांगा और पैसे नहीं मिलने पर उसे ब्लेड से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी को चंद घंटे में गिरफ्तार कर लिया और न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार प्रार्थी ओमप्रकाश कश्यप जो ज्ञान भारती स्कूल में बस चलाता है। स्कूल के पास रहने वाला आयुश देवागंन को उसके पास शराब पीने के लिए पैसा मांगा था। तब उसे ओमप्रकाश कश्यप पैसे नहीं दिया था। पुन: आरोपी द्वारा 10 जनवरी को शराब पीने के लिए पैसा मांगा, नहीं देने पर ओमप्रकाश को आपरेशन ब्लेट से उसके हाथ में हमला कर दिया। इससे ओमप्रकाश को चोट लगी है। ओमप्रकाश ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी के द्वारा त्वरित कार्रवाई करने करते हुए आरोपी आयुश देवागंन को उसके घर में घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी के विरुद्ध धारा 296, 351-2, 115-2, 119-1, 118-1 बीएनएस के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है।

# डाइट व्याख्याता ने किया सुसाइड का प्रयास

## 4 पन्नों का लिखा सुसाइट नोट बरामद ,प्रभारी प्राचार्य पर प्रताड़ना का आरोप

**जांजगीर चांपा।** जिले के डाइट कॉलेज में पदस्थ श्रीमती रमा गोस्वामी व्याख्याता ने आत्महत्या करने की कोशिश की है। उन्होंने डाइट कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य बी पी साहू पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। वही 4 पेज का सुसाइड नोट भी लिखा था जिसमें अपने बच्चों और छात्र छात्राओं से माफी मांगी है। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 7 की है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की बीती रात रमा गोस्वामी अपने परिवार के साथ घर पर थी। इस दौरान उन्होंने 4 पेज का सुसाइड नोट लिखा और उसे कॉलेज के व्हाट्सएप ग्रुप में वायरल कर घर में रखे कुछ दवाई 8 से 10 गोली खाकर सो गई। जब ग्रुप के अन्य लोगों को जानकारी होने पर घर पहुंचे और उपचार के लिए जिला अस्पताल जांजगीर में भर्ती कराया गया।



सिविल सर्जन डॉ दीपक जसवाल ने बताया कि अभी रमा गोस्वामी 44 वर्ष की तबियत स्थिर है, उन्होंने हेपनोटिक नामक की दवाई खाई थी। व्याख्याता रमा गोस्वामी ने सुसाइट नोट में लिखा था। मुझे व्याख्याता के रूप में कार्य करते 22 वर्ष हो चुके हैं निश्चित है इस दौरान मैंने कई उतार चढ़ाव देखे। वर्तमान में डाइट जांजगीर में पदस्थ हूं 13 अक्टूबर 2022 को प्रभारी प्राचार्य के कार्य ग्रहण करने उपरांत मैने बहुत मानसिक यातनाएं झेली है। मेरी प्रतिनियुक्ति खत्म करने के लिए गणेश राम साहू जिला पंचायत नवागढ़ के लेटर का गलत उपयोग किया गया है। जिसपर षड्यंत्र का खुलासा होने पर प्रतिनियुक्ति खत्म होने से बच गई। आरोप लगाया कि ष्टत्र खत्म करने के लिए प्रभारी प्राचार्य बी पी साहू के द्वारा धमकी दी जाती थी, जिसकी शिकायत करने पर भी जांच के बाद प्रभारी प्राचार्य को हटाए जाने को लेकर प्रस्ताव भी हुआ मगर अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई।

मै अब न्याय की आस में इंतजार करते थक गई हूं मुझे इस जीवन से चीड़ होने लगी। मेरी जैसी आशावादी मजबूत महिला के साथ ऐसा जब हो सकता है जाने कितनी महिलाओं के साथ क्या क्या नहीं होता होगा। अब कितना न्याय का इंतजार करूं। मेरे बच्चों मुझे माफ कर देना, मेरे विद्यार्थियों मुझे माफ कर देना। इस मामले में यहां पदस्थ व्याख्याता संजय शर्मा एवं श्रीमती बोस का नाम भी लिया जा रहा है जिनके द्वारा समय-समय पर प्रताड़ना किए जाने की बातें कही जा रही है। उधर पुलिस मामला दर्ज कर जांच करने में जुट गई है वही पुलिस पर संबंधित लोगों द्वारा दबाव बनाए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

किसी प्रकार की मानसिक रूप से प्रताड़ित नहीं किया गया है। वे जो भी आरोप लगा रही है सभी आरोप निर्थक हैं।

डाइट प्रभारी प्राचार्य,बीपी साहू

## नगर पंचायत नरियरा के चुनाव प्रभारी बने पाण्डेय

**जांजगीर चांपा।** जांजगीर चांपा जिले के भाजपा नेता इंजी. रवि पाण्डेय को भाजपा प्रदेश संगठन ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। इजी. रवि पाण्डेय भाजपा सदस्यता



अभियान में पूरे प्रदेश में 16 हजार से अधिक सदस्य बना कर प्रदेश स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए संगठन को मजबूत बनाने में अपना योगदान दिया है, जिसके चलते प्रदेश संगठन प्रभारी पवन साय एवं प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने इंजी. पाण्डेय के ऊपर विश्वास जताते हुए बड़ी जिम्मेदारी दी है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय से जारी सूची में इंजी.रवि पाण्डेय को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नगर पंचायत नरियरा के चुनाव प्रभारी बनाया गया है। जिले में इंजी. पाण्डेय के अतिरिक्त नगर पंचायत खरौद में पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, नगर पंचायत शिवरीनारायण में अमर सुल्तानिया, नगर पंचायत बलौदा में कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, नगर पंचायत रहौद में प्रशांत सिंह ठाकुर, नगर पंचायत नवागढ़ में पूर्व प्रत्याशी संतोष लहरे, नगर पंचायत सारागांव में श्रीमती नंदनी राजवाड़े, नगर पंचायत पामगढ़ में पुरुषोत्तम शर्मा को प्रभारी बनाया गया है। इंजी. पाण्डेय को मिली जिम्मेदारी मिलने के पर पार्टी कार्यकर्ताओ ने हर्ष व्यक्त किया।

## लोन दिलाने के नाम पर 1 लाख 20 हजार की ठगी, फरार ब्रांच मैनेजर गिरफ्तार

**बाराद्वार।** लोन दिलाने के नाम पर ठगी कर फरार हुए ब्रांच मैनेजर को बाराद्वार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आधार कार्ड, पैनकार्ड, एवं फोटो लेकर आरोपी द्वारा बैंक मे अकॉउंट खोलवाकार भारत फायनेस से फायनेस कराकर पासबुक एवं एटीएम को अपने पास रखकर राशि आहरण कर ली गई थी। आरोपी ने 1 लाख 20 हजार रुपए की ठगी की थी।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सलनी निवासी मनोज कुमार चौहान ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि लोन देने थी कि लोन देने के नाम पर इंडसइंड बैंक के ब्रांच मैनेजर अंकित कुमार गुप्ता ने उसके साथ धोखाधड़ी की है। आधारकार्ड, पैनकार्ड, फोटो लेकर भारत फाइनेंस से लोन दिलाने का झांसा देकर उसके नाम पर इंडसइंड बैंक में अकाउंट खुलवाकर 1 लाख 20 हजार रुपए को बिना बताए एवं लोन कैंसिल होने की बात कहते हुए रकम का आहरण कर लिया गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा420,34 भादवि कायम कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। फरार आरोपी ब्रांच मैनेजर अकिंत कुमार प्रसाद की गिरफ्तारी के संबंध में बाराद्वार पुलिस पतासाजी में जुटी थी। लगभग डेढ़ सौ ग्रामीणों से धोखाधड़ी कर फरार आरोपी अकिंत कुमार गुप्ता पिता सुरेश प्रसाद गुप्ता उम्र 32 साल निवासी रोडपारा सुआरपारा थाना बतौली जिला सरगुजा (छ.ग.) को अंबिकापुर सरगुजा से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया गया है। उक्त आरोपी के विरुद्ध थाना मालखरौदा में भी अपराध दर्ज है। कार्यवाही में थाना प्रभारी बाराद्वार अनवर अली सहित स्टाफ का योगदान रहा।

## लिव-इन में रह रही महिला को चाकू से गोदा

**बिलासपुर।** बिलासपुर में तलाक के बाद पति को छोड़कर लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रही महिला पर प्रेमी युवक ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। वारदात के बाद आरोपी युवक उसे छोड़कर भाग गया।

महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, शहर के सरकंडा थाना क्षेत्र में बीते 24 घंटे में चाकूबाजी की 3 वारदात हो गई, जिसमें छह लोग घायल हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सरकंडा के बंगालीपारा में रहने वाली नीलू कश्यप (30) टिफिन सेंटर चलाकर गुजर-बसर करती हैं। वह एक बच्चे के साथ किराए के मकान में रहती हैं। महिला का उसके पति से तलाक हो गया है। जिसके बाद वह सनत कश्यप नाम के युवक के साथ लिव-इन में रहती थी। बताया जा रहा है कि महिला शुक्रवार की रात किसी काम से सीपत चौक की ओर गई थी। वहां से लौटते समय वह परिचित से मोबाइल पर बात कर रही थी। तभी सनत कश्यप आया। उसने महिला पर अचानक चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

# जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी अजा महिला के लिए आरक्षित

**जांजगीर-चांपा।** त्रिस्तरीय पंचायत की सबसे बड़ी कुर्सी अनुसूचित जाति वर्ग की महिला के लिए आरक्षित हो गई है। जांजगीर चांपा में जिला पंचायत की अगली अध्यक्ष अजा महिला होगी। रायपुर में शनिवार 11 जनवरी को आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी अजा महिला के लिए आरक्षित होने से जहां इस वर्ग की महिलाएं उत्साहित नजर आ रही है, वहीं अन्य वर्ग के नेताओं को मायूसी हाथ लगी है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए पंच, सरपंच के अलावा जनपद सदस्य व अध्यक्ष के साथ ही जिला पंचायत सदस्य का आरक्षण पूर्व में हो चुका था। अब जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए आरक्षण का इंतजार किया जा रहा था। शनिवार 11 जनवरी को राजधानी रायपुर में जिला पंचायत अध्यक्षों के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान जांजगीर चांपा जिले में अध्यक्ष की सीट अनुसूचित जाति वर्ग की महिला के लिए आरक्षित की गई। जांजगीर चांपा जिला अंतर्गत कुल 17 जिला पंचायत सदस्यों के लिए 9 जनवरी को ही आरक्षण हो चुका है। क्षेत्र क्रमांक 1 अनारक्षित मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 2 अनारक्षित महिला, क्षेत्र क्रमांक 3 अनारक्षित मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 4 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 5 अनारक्षित महिला, क्षेत्र क्रमांक 6 अनूसुचित जाति मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 7 अनुसूचित जाति मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 8 अनारक्षित महिला, क्षेत्र क्रमांक 9 अनुसूचित जनजाति मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 10 अनुसूचित जाति महिला, क्षेत्र क्रमांक 11 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, क्षेत्र क्रमांक 12 अनुसूचित जाति महिला, क्षेत्र क्रमांक 13 अनुसूचित जनजाति महिला, क्षेत्र क्रमांक 14 अनारक्षित महिला, क्षेत्र क्रमांक 15 अनारक्षित महिला, क्षेत्र क्रमांक 16 अनारक्षित मुक्ति, क्षेत्र क्रमांक 17 अनारक्षित मुक्त के खाते में गया है। अब जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पाने के लिए अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं में उत्साह देखा जा रहा है।

**5 में से 4 जनपदों में होगी महिला अध्यक्ष**

जनपद पंचायतों में नवागढ़ जनपद पंचायत में अध्यक्ष का पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए निर्धारित हुआ है। पामगढ़ और अकलतरा जनपद पंचायत में अध्यक्ष का पद अनारक्षित महिला के खाते में गई है।जनपद पंचायत बलौदा में अध्यक्ष का पद अनारक्षित मुक्त और बम्हनीडीह में जनपद अध्यक्ष का पद अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित हुआ है। इस तरह की स्थिति में जहां जिला पंचायत के कई वर्तमान पदाधिकारी और सदस्यों का अपना क्षेत्र प्रभावित हुआ है तो वहीं जनपद पंचायत में 5 में से 4 जगहों पर महिला शक्ति अध्यक्ष की कमान संभालेंगी। जनपद एवं जिला पंचायत के लिए आरक्षण घोषित होने के बाद चुनावी सरगर्मियां अब तेज होने लगी है।

# बिलासपुर में धान की सरकारी खरीदी का दुरुपयोग

**बिलासपुर।** बिलासपुर में धान खरीदी में बड़ा घोटाला सामने आया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की 3100 रुपए प्रति क्विंटल की धान खरीदी का गलत फायदा उठाने का प्रयास विफल हो गया। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर पिछले 52 दिनों में की गई छापामार कार्रवाई में 4561 क्विंटल अवैध धान बरामद किया गया, जिसकी कीमत लगभग 1.78 करोड़ रुपए है।

खाद्य एवं सहकारिता विभाग की संयुक्त टीम ने इस कार्रवाई में 16 व्यापारियों और 60 कोचियों के खिलाफ मंडी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। खासतौर पर मस्तूरी विकासखंड के धान उपार्जन केंद्र सेवा सहकारी समिति देवरी में की गई जांच में 13 लाख रुपए मूल्य का 428.4 क्विंटल अवैध धान पकड़ा गया।

**राइस मिलों में धान खपाने में कोचिए व्यापारी हुए असफल**

जांच में सामने आया कि कोचिए और व्यापारी राइस मिलों में धान खपाने में असफल होने के बाद सोसायटियों का सहारा ले रहे थे। देवरी सोसायटी में ऑनलाइन खरीदी के आंकड़ों से मिलान करने पर 1071 कट्टी अतिरिक्त धान मिला, जिसे फर्जी तरीके से किसानों के खातों में दर्ज करने की योजना बनाई गई थी।

प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई में कौड़िया केंद्र से 230.8 क्विंटल, बोड़सरा से 762.2 क्विंटल, देवरी से 428.4 क्विंटल और घुटकू से 280 क्विंटल धान जब्त किया गया। कुल मिलाकर 1691.8 क्विंटल धान जब्त किया गया। प्रशासन की कार्रवाई निरंतर जारी है और सहकारिता विभाग द्वारा नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**इन केंद्रों में की गई छापामार कार्रवाई-**

केंद्र जब्त धान (क्विंटल में),कौड़िया 230.8,बोड़सरा 762.2,देवरी 428.4,घुटकू 280 क्विंटल,योग 1691.8,16 व्यापारियों से 577 क्विंटल धान जब्त

फूड ऑफिसर अनुराग सिंह भदौरिया ने मीडिया को बताया कि बिलासपुर तहसील के अंतर्गत 16 व्यापारियों के यहां से 577 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया। इस मामले में जिन व्यापारियों के विरुद्ध मंडी अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई उनके नाम हैं- शत्रुघ्न साहू, सेंदरी, किशन जायसवाल बेलतरा, सुनील कश्यप बसहा, धनेश्वर कश्यप सलका, त्रिलोकचंद साहू बैमा, रामकृष्ण यादव बरतोरी, शत्रुहन प्रसाद दगौरी, कृष्णा धान भंडार चकरभाठा, सुरेश धान भंडार चकरभाठा, साधराम नेवसा, पिंटु ट्रेडर्स सेलर, रूपचंद किराना स्टोर्स बिल्हा, सोबुराम पटेल मगरउछला, रामकृष्ण कश्यप सलका, ईश्वर साहू बिरकोना एवं त्रिलोकचंद साहू बैमा शामिल हैं।

# स्वच्छता कर्मियों को मिली स्वास्थ्य सेवा



**सक्ति।** नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री (छ.ग. शासन) के नेतृत्व एवं मार्ग दर्शन के अनुसार नगर पालिका परिषद सक्ती में कार्यरत स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई। यह कदम स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये ध्यान में उठाया गया है क्योंकि ये कर्मी प्रतिदिन घर घर जाकर कचरा संग्रहण, सफाई एवं स्वच्छता बनाये रखने का कार्य करते है। इन कर्मियों का स्वास्थ्य समाज की स्वच्छता व्यवस्था के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। पालिका में कुल 49 स्वच्छता कर्मी कार्यरत है जिनमें उनमें 39 स्वच्छता दीदीयाँ एवं 10 सफाई कर्मी है। यह टीम अपनी जिम्मेदारी बखुबी निभा रहे है इन कर्मियों की नियमित सफाई और कचरा संग्रहरण से सक्ती में स्वच्छता का स्तर उच्च बना हुआ है। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत एक मोबाईल यूनिट का आयोजन किया गया, जो स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए नगर पालिका परिषद सक्ती पहुंची इस मोबाईल यूनिट के माध्यम से स्वच्छता कर्मियों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाऐं प्रदान की गई, जिसमें बी.पी. सुगर एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांच शामिल थी इसके साथ ही स्वास्थ्य संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या कों दूर करने के लिए चिकित्सक द्वारा उचित उपचार की व्यस्था की गई यह कदम उनकी कार्य क्षमता को बेहतर बनाने के साथ ही साथ उन्हें कार्य के दौरान होने वाली स्वास्थ्य समास्याओं से बचाने में भी मदद करेगा। नगर पालिका के अधिकारियों एवं स्थानीय समुदायों का मानना है कि इस प्रकार की स्वास्थ्य सेवाऐं, स्वाच्छता कर्मियों की मेहनत एवं योगदान के लिए एक सराहनीय कदम है।

## आरक्षक ने पत्नी और सास से मारपीट की

**जांजगीर।** शराब के नशे में आरक्षक घर पहुंचा और तलाक देने की बात कहकर अपनी पत्नी व सास के साथ मारपीट करने लगा। इधर वारदात के बाद पत्नी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में आरक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। मामला फगुरम चौकी क्षेत्र का है।

पुलिस के अनुसार फगुरम चौकी अंतर्गत ग्राम सपिया में रहने वाली महिला प्रियंका महंत (32 साल) की शादी लगभग 11 साल पहले ग्राम सलखन निवासी राहुल दास महंत से हुई थी। राहुल पुलिस आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं। लगभग दो साल से पति-पत्नी के बीच झगड़ा चल रहा है। जिसकी शिकायत प्रियंका ने शिवरीनारायण थाने में की थी। थाने में शिकायत के बाद मामला परिवार परामर्श केंद्र भेजा गया। परामर्श केंद्र में सुनवाई के दौरान दोनों पति-पत्नी के बीच समझौता हुआ। लगभग माह भर पहले राहुल दास की ड्यूटी रायगढ़ में आयोजित पुलिस भर्ती में लगी थी, जिसके कारण राहुल सपिया में रहकर ड्यूटी पर रायगढ़ आना-जाना करने लगा। इसी बीच वह फिर से शराब के नशे में घर में पहुंचा और अपनी पत्नी प्रियंका और सास लक्ष्मी बाई के साथ मारपीट कर तलाक देने की बात कर कहने लगा। प्रियंका ने इसकी जानकारी अपने परिवार के लोगों को दी और थाना पहुंचकर इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। बहरहाल पुलिस ने मामले में आरक्षक राहुल दास महंत के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## नदी किनारे जुआ खेल रहे 4 जुआरी गिरफ्तार



**जांजगीर।** ग्राम खरखोद में लीलागर नदी के किनारे जुएं का फड़ लगा, इसी बीच पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और 4 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पामगढ़ पुलिस के अनुसार देर शाम थाने में मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम खरखोद के शुक्लाभांठा में जुआ चल रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। घेराबंदी कर दबिश दी गई। पुलिस को देख कुछ जुआरी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मौके से ग्राम ससहा निवासी संदीप अग्रवाल(35), अजय कुमार सोनकर(28), भुईगांव निवासी देवानंद खुंटे(59) और खरखोद निवासी छत्रपाल खुंटे(20) को पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने सभी जुआरियों के कब्जे से 13800 रुपए जब्त कर उनके खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है।

## 100 जरूरमंदों को कंबल बांटे गए

**बाराद्वार।** वार्ड नंबर 5 बाराद्वार निवासी रिटायर्ड डीएचओ डॉ. जगदीश सिंह ने ग्राम बरघाट और पुसाउडेरा में जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाने के लिए 100 कंबल बांटे। रिटायर्ड डीएचओ डॉ. जगदीश सिंह, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी केडी पासवान, एनएमए दिनेश यादव ने संयुक्त रूप से बरघाट और पुसाउडेरा में पहुंचकर वहां रहने वाले ग्रामीणों को ठंड से बचने के लिए 100 कंबल का वितरण किया।


### आम सूचना

सर्व आम नागरिकों को सुचित किया जाता है कि INDUSIND बैंक मनेन्द्रगढ़ जिला-M.C.B. द्वारा वाहन क्रमांक CG16CQ0477 पंजिकृत स्वामी अमित कुमार अग्निहोत्री का लोन डिफॉल्टर होने के कारण वाहन को अपने कब्जे में ले लिया गया है एवं बैंक अपने नाम पर वाहन का स्वमित्व अंतरण दर्ज करने हेतु जिला-परिवहन कार्यालय कोरिया में निर्धारित फिस जमा कर आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि वाहन के अंतरण में किसी भी नागरिकों को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के भीतर परिवहन कार्यालय कोरिया में अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। प्रकाशन की तारीख से 7दिवस बीत जाने के पश्चात् किसी भी तरह के आपत्ति को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

### आम सूचना

सर्व आम नागरिकों को सुचित किया जाता है कि INDUSIND बैंक मनेन्द्रगढ़ जिला-M.C.B. द्वारा वाहन क्रमांक CG16CQ5668 पंजिकृत स्वामी निरंती देवी का लोन डिफॉल्टर होने के कारण वाहन को अपने कब्जे में ले लिया गया है एवं बैंक अपने नाम पर वाहन का स्वमित्व अंतरण दर्ज करने हेतु जिला-परिवहन कार्यालय कोरिया में निर्धारित फिस जमा कर आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि वाहन के अंतरण में किसी भी नागरिकों को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के भीतर परिवहन कार्यालय कोरिया में अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। प्रकाशन की तारीख से 7 दिवस बीत जाने के पश्चात् किसी भी तरह के आपत्ति को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

## अनमोल वचन......

**किसी दूसरे व्यक्ति की आलोचना करने से पहले हमें अपने अन्दर झांक कर देख लेना चाहिए।**

# प्रतिस्पर्धा में अमेरिका का पिछड़ना तय

डॉनल्ड ट्रंप समर्थक-समूह के अंतर्विरोध निर्वाचित राष्ट्रपति के ह्वाइट हाउस में प्रवेश से पहले ही सामने आने लगे हैं। इनके बीच ट्रंप ने साफ संकेत दिया है कि ऐसे टकरावों में उनका झुकाव अपने अरबपति दोस्तों की तरफ ही होगा। एच-1बी वीजा के मुद्दे पर उन्होंने एलन मस्क के रुख समर्थन कर दिया है। आव्रजकों के प्रति नफरत भरा अभियान चला कर ट्रंप ने मागा (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) समर्थन आधार तैयार किया है। पिछले साढ़े चार दशक से चली नीतियों से वंचित हुए अमेरिकी श्रमिक वर्ग ने इस नारे से संदेश ग्रहण किया कि ट्रंप आव्रजकों को निकाल बाहर करेंगे, जिन्होंने उनके अवसरों को हड़प' लिया है। जबकि जिन धनी-मानी लोगों के संसाधनों से ट्रंप ने वह आक्रामक अभियान चलाया, उनके स्वार्थ आव्रजकों से जुड़े हुए हैं।

एच-1बी वीजा हाई टेक में माहिर व्यक्तियों को मिलता है, जिनके बिना अमेरिका के तकनीक उद्योगपति अपना कारोबार नहीं चला सकते। और बात सिर्फ उनकी नहीं है। जो मेहनतकश श्रमिक गैर-कानूनी ढंग से अमेरिका आते हैं, वो भी आम अमेरिकी कंपनियों के लिए फायदेमंद बने रहे हैं। ये मजदूर कानूनन तय न्यूनतम मजदूरी से कम पर काम करने को तैयार रहते हैं। इस तरह कम खर्च कर कंपनियां अपना काम चला लेती हैं। इस रूप में ट्रंप के धनी-मानी समर्थकों के हित मागा आधार से सीधे टकराते हैं। मागा के नाम पर इकट्ठे हुए आम लोग शायद इसे नहीं समझ पाए कि ट्रंप का जो वास्तविक एजेंडा है, उससे उनके बेहतर दिनों की वापसी तो नहीं होगी।

अरबपतियों के मुनाफा बढ़ाने का मार्ग इससे जरूरत प्रशस्त होगा। यह उन्हें जरूर याद होगा कि एक समय एच-1बी वीजा को अमेरिकियों के अवसर चोरी का माध्यम बताते थे। अब वे इसे एक महान योजना बता रहे हैं। वैसे यह हकीकत है कि मूल अमेरिकी नागरिकों के बीच विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित की शिक्षा जैसे सिमटी है, उसे देखते हुए इन क्षेत्रों में विदेशों से विशेषज्ञों का आयात करने के अलावा कोई विकल्प वहां नहीं है। भारतीय उच्च शिक्षित छात्रों के लिए इसीलिए वहां अवसर बने हैं। इसे सीमित किया गया, तो प्रतिस्पर्धा में अमेरिका का पिछड़ना तय है।

## राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपका काफी दिनों से रुका काम पूरा होगा आपको रिलैक्स फील होगा। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है, जल्द ही आप करियर में नया मुकाम पाने वाले हैं। खासतौर पर साइंस से जुड़े छात्रों के लिए दिन फायदेमंद रहेगा। आज माता-पिता के साथ किसी रिश्तेदार के घर जा सकते हैं।

वृष राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। जो छात्र कॉलेज में नए प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, वे जल्द ही अपनी तैयारी पूरी कर लेंगे। शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलेगा। आज नया काम शुरू करते समय आपको बुजुर्गों का आशीर्वाद जरूरलेना चाहिए। इससे आपको काम में मदद मिलेगी। साथियों के साथ आपका दिन अच्छा गुजरेगा।

मिथुन राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज कुछ लोग आपसे किसी काम के लिए मदद मांग सकते हैं। परिवार में आपके गुणों की तारीफ हो सकती है। किसी नई तकनीक को अपनाने से आपके व्यापार में इजाफा होगा। जीवनसाथी के साथ आप डिनर करने का प्रोग्राम बनाएंगे। जो लोग संगीत या गायन से जुड़े हैं, उन्हें किसी बड़ी जगह पर परफॉर्मेंस का मौका मिल सकता है।

कर्क राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको नएलोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। आज आपके ऑफिस में काम को लेकर कलिग आपकी शिकायत कर सकता है। आपको अपनी हर चीज़ परफेक्ट रखनी चाहिए। अगर आप किसी नए काम की शुरुआत करने जा रहे हैं तो काम में बड़ों की सलाह लेना बेहतर रहेगा। खुद को फिट रखने के लिए आपको योगा करना चाहिए। लवमेट के साथ रिश्ते में मिठास बनी रहेगी।

सिंह राशिः आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज किसी विशेष काम की ओर आपका झुकाव हो सकता है, आप अपना पूरा दिन पसंदीदा काम करके गुजारेंगे। आज करियर के मामले में चीज़ें बेहतर होने के आसार हैं। आज सेहत के प्रति आपको सतर्क रहने की जरूरत है। फास्ट फूड खाने से आपको बचना चाहिए। आज आपके बिजनेस में मुनाफा होने का योग बन रहा है। साथ ही आपको किसी बड़े ग्रुप से जुड़ने का अवसर मिल सकता है।

कन्या राशिः आज आपका दिन बहुत अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी तरह के कानूनी मामले में दोस्तों की मदद मिलेगी। जिससे दोस्तों के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे। आज आप परिवार वालों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे, जिसमें आप काफी हद तक सफल भी होंगे। आपको काम में कुछ नएलोगों के साथ साझेदारी करने का मौका मिल सकता है। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको व्यापार में उम्मीद से अधिक लाभ प्राप्त होगा। आज आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे। आज आपके घर पर मेहमान आ सकते हैं, आपको खुशी होगी। आज ऑफिस में काम की अधिकता ज्यादा रहेगी, लेकिन शाम तक सारा काम अच्छे से निपट जाएगा। आज जीवनसाथी के साथ सामंजस्य बना रहेगा। बच्चे आज आपसे मन की बात बता सकते हैं।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपको अच्छी खबर मिलने के योग हैं यह खुशी आपके घर में बेटे के करियर को लेकर हो सकती है। आज ऑफिस में आपको नया काम मिल सकता है, जिसे पूरा करके आपको भी खुशी होगी। आज की शाम परिवार वालों के साथ बितायेंगे, जिससे पारिवारिक जीवन खुशहाल बनेगा। माता-पिता के साथ किसी समारोह में जा सकते हैं। आज शिक्षा से जुड़े लोगों को तरक्की के नएअवसर मिल सकते हैं।

धनु राशिः आज का दिन आपके जीवन में नई खुशियाँ लेकर आया है। आज किसी काम के सिलसिले से की गई यात्रा फायदेमंद रहेगी। साथ ही समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवार में किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा, साथ ही आज आपकी मुलाकात कुछ खास लोगों से होगी। आप अपने लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने के बारे में विचार करेंगे। ऑफिस में आपके अच्छे काम को देखकर जूनियर आपकी ज्यादा रेस्पेक्ट करेंगे।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा हो सकता है। आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं जो आपके लिए बढ़िया साबित होंगे। आज आपको किसी काम को करने के लिये ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिये दिन पहले से बेहतर रहेगा, आज आपका दिन ज्यादा लाभ कमाने का है। आज आपको जीवन और कार्यक्षेत्र दोनों जगहों पर पिता का सहयोग मिलेगा।

कुंभ राशिः आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज जीवनसाथी के साथ आप मूवी देखने का प्लान बना सकते हैं। आज कार्यक्षेत्र में लोगों से हर तरह का सहयोग मिलेगा। कुछ दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा हो जाएगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आपको अचानक कुछ ऐसा हासिल हो सकता है, जिसकी आपको वर्षों से तलाश थी।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज किसी जरूरी काम में आपको भाई-बहनों का सपोर्ट मिलेगा। अपने परिवार वालों के साथ आप कुछ बेहतरीन पलों का आनंद उठायेंगे। करियर में तरक्की के रास्ते खुल सकते हैं। आज आपको किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचना चाहिए और आपको अपनी योजनाओं के प्रति गोपनीयता बनाये रखने की जरुरत है। आप किसी मित्र से मिलने उसके घर जा सकते हैं, आपकी दोस्ती मजबूत होगी।

# अमेरिकी शर्तों के प्रति भारत का सतर्क रुख

//डॉ. ब्रह्मदीप अलूने//

**अमेरिकी विदेश नीति अमेरिकी प्रभुत्व पर आधारित रही है जिसमें इस तथ्य पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया जाता है कि विदेशों में अग्रणी भूमिका बनाएं रखने में कौन सा देश उसका सबसे ज्यादा सहयोगी है तथा इस भागीदारी को और कैसे पुख्ता किया जा सकता है। दुनिया के सबसे ताकतवर देश की विदेश नीति मनोवैज्ञानिक दबाव की रणनीति पर आगे बढने से संकोच नहीं करती, यह सामरिक, आर्थिक या राजनैतिक हो सकता है।**

इस समय भारत और अमेरिका के संबंधों को इतिहास का बेहतरीन दौर बताया जा रहा है, लेकिन असल में कूटनीतिक वास्तविकताएं अविश्वास की खाई को पाट नहीं सकी है। इतिहास को पीछे छोड़कर दोनों देशों के शीर्ष राजनेता एक दूसरे के प्रति सार्वजनिक आलोचनाओं से परहेज भले ही करें, साझेदारी की अमेरिकी शर्तों के प्रति भारत का सतर्क रुख अमेरिकी नीति-निर्माताओं को असहज कर रहा है।

दरअसल, वॉशिंगटन पोस्ट में छपी एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया कि भारत ने 2023 के मालदीव चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश की थी तथा मोदी सरकार भारत समर्थक इब्राहिम सोलिह को राष्ट्रपति बनाए रखना चाहती थी। इस रिपोर्ट का खंडन भारत और मालदीव दोनों देशों द्वारा किया गया। सूचना युद्ध उन्नत युद्धक्षेत्र प्रबंधन रणनीतियों का एक हिस्सा है। शांति काल में इसका लक्ष्य अक्सर राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाना और विदेशी देश में जनता की राय को प्रभावित करना होता है। अमेरिका और रूस के बीच सूचना युद्ध की तीव्रता भले ही अत्यधिक हो, भारत को लेकर भी अमेरिकी कूटनीति की भूमिका बेहद आक्रामक नजर आती है।

अमेरिका का सूचना और खुफिया तंत्र खालिस्तानी आतंकवाद, कनाडा और मानवाधिकार को लेकर भारत विरोधी रुख अपनाता रहा है। पिछले साल सितम्बर में प्रधानमंत्री मोदी क्वाड शिखर सम्मेलन में भाग लेने अमेरिका पहुंचे थे, उसके कुछ घंटे पहले व्हाइट हाउस में अमेरिकी अधिकारियों ने खालिस्तान आंदोलन के समर्थक सिखों के एक समूह से मुलाकात की थी। इस दौरान व्हाइट हाउस ने उन्हें अपनी धरती पर किसी भी अंतरराष्ट्रीय आक्रमण से सुरक्षा का आासन भी दिया। बांग्लादेश में शेख हसीना की जरूरत को भारत के द्वारा अमेरिकी प्रशासन के सामने रखने के बाद भी हसीना की सरकार का तख्तापलट और उसके बाद की राजनीतिक परिस्थितियां भारत के लिए बेहद प्रतिकूल दिखाई दे रही है।

शेख हसीना की सरकार के पतन में अमेरिका की भूमिका को लेकर कई तथ्य सामने आए हैं। अमेरिका ने भारत के हितों को नजरअंदाज कर बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता की स्थिति पैदा कर दी, भारत इस प्रकार की अमेरिकी कोशिशों का विरोध करता रहा है। श्रीलंका, बांग्लादेश, मालदीव और नेपाल जैसे पड़ोसी देशों में भारत का सांस्कृतिक प्रभाव रहा है और इसका असर राजनीतिक परिस्थितियों पर भी पड़ता है। इन देशों में भारत की मजबूती से चीन के हित प्रभावित होते हैं, लेकिन इन देशों में अमेरिका भारत से जिस प्रकार की साझेदारी की इच्छा रखता है, भारत के लिए उस पर आगे बढ़ना सामरिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण है। अमेरिका हिन्द-प्रशांत की रणनीति के केंद्र में भारत को आगे रखने की कोशिशें करता रहा है, वहीं भारत ने चीन को लेकर वैसी आक्रामकता नहीं दिखाई है, जिसकी अमेरिका ने अपेक्षा की थी। अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति में यह उल्लेख किया गया है, चीन इंडो-पैसिफिक में अमेरिका को विस्थापित करना चाहता है और अपने राज्य-संचालित आर्थिक मॉडल की पहुंच का विस्तार करना चाहता है। चीन सैन्य, आर्थिक और तकनीकी रूप से प्रतिस्पर्धा कर रहा है। इसकी तकनीकी महत्त्वाकांक्षाएं इसके सैन्य विकास से अटूट रूप से जुड़ी हुई हैं। भारत चीन की साम्राज्यवादी महत्त्वाकांक्षाओं का विरोध तो करता है, लेकिन इसे युद्ध की कगार पर ले जाने वाली अमेरिकी योजनाओं का भाग बनने को वह बिल्कुल तैयार नहीं है। एशिया में अमेरिकी प्रभाव को आगे बढ़ाने में दक्षिण कोरिया, जापान और ऑस्ट्रेलिया अमेरिका की महत्त्वपूर्ण भागीदार अवश्य हो, लेकिन इन देशों के चीन से मजबूत आर्थिक संबंध है। ये देश अमेरिका के चीन को लेकर आर्थिक अलगाव की नीति से इत्तेफाक रखते हुए आगे बढ़ते कभी नहीं दिखाई दिए। वहीं भारत की आर्थिक और सामरिक चुनौतियों में अमेरिका ने अवसर ढूंढने की अक्सर कोशिश की है। अपनी सफलता को सुनिश्चित करने के लिए वह भारत पर दबाव बढ़ाने की कूटनीति आजमाता रहता है, हालांकि भारत की सामरिक स्वायत्ता की नीति भी अमेरिका को परेशान करती रही है।

भारत द्विपक्षीय सैन्य संबंधों को विकसित करने और पारंपरिक सुरक्षा खतरों के खिलाफ कठोर शक्ति का निर्माण करने पर अधिक तत्काल ध्यान केंद्रित करना चाहता है। भौगोलिक और रणनीतिक दृष्टि से भारत के लिए रूस ज्यादा अहम हो जाता है। दुनिया का सबसे बड़ा और सफल लोकतंत्र भारत अपनी विविधता और संप्रभुता को ध्यान में रखकर कूटनीतिक कदम उठाता है। सैन्य गठबंधनों से समान दूरी प्रारम्भ से ही भारत की गुटनिरपेक्ष नीति रही है। भारत ये मानता है कि आर्थिक विकास की तेज गति हासिल करने के लिए उसे किसी गठबंधन व्यवस्था के खांचे से दूरी बनाकर रखनी होगी। दक्षिण एशिया को लेकर कई बार अमेरिका की व्यापक नीति, भारत के मूलभूत हितों से अलग होती है। भारत की स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी पर रूस का प्रभाव है। तकनीकी हस्तांतरण को लेकर रूस ने भारत पर जो भरोसा दिखाया है, वह अमेरिका ने कभी नहीं दिखाया। भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग बढ़ने के बाद भी भारत इस बात को लेकर आशंकित रहता है कि वह सुरक्षा प्रतिष्ठानों को प्रतिबंधित भी कर सकता है।

पिछले साल अमेरिका ने यूक्रेन में रूस के युद्ध प्रयासों में मदद करने के आरोप में 19 भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया। 2023 में भी एक भारतीय कंपनी पर रूसी सेना की मदद करने के आरोप में प्रतिबंध लगाया गया था। संयुक्त राज्य अमेरिका हिन्द-प्रशांत में अपनी रणनीति को प्रभावी ढंग से लागू करने और अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में विफल इसलिए है क्योंकि वह भारत का भरोसा नहीं जीत पाया है। जाहिर है बेहतर परिणामों के लिए अमेरिका को भारत और भारत के पड़ोसी देशों में अवांछित हस्तक्षेप की नीति से बचना होगा।

# 2050 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन पर पहुंचने का लक्ष्य

//वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली//

**वर्ष 2015 का पेरिस जलवायु समझौता धरा के तापमान को औद्योगिक चरण के आने के पहले के स्तर से 2030 तक 2 डिग्री सेल्सियस कम करने के लिए हुआ था। चूंकि पृथ्वी की गर्मी बढ़ाते कुल गैसीय उत्सर्जनों में कार्बन डाई ऑक्साइड लगभग 70 प्रतिशत है। अतः ग्लोबल वार्मिंग को 15 डिग्री से ग्रे तक सीमित रखने के लिए 2050 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन पर पहुंचने का लक्ष्य भी वैश्विक स्तर पर अपना लिया गया है, परंतु विडंबना है, और कटु यथार्थ भी कि इसे पाने के औजार के रूप में एक ट्रेडिंग गतिविधि को महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है।**

इसी क्रम में 10-24 नवम्बर के बीच बाकू में कार्बन बाजार पर अंतरराष्ट्रीय मानक स्थापित करना बड़ी उपलब्धि माना गया है। कॉप-29 को तो वित्तीय कॉप भी कहा गया था और कार्बन ट्रेडिंग भी वित्तीय गतिविधि ही है। वायुमंडल में मौजूद कार्बन उत्सर्जनों को हटाने और नये कार्बन उत्सर्जनों को न पहुंचने देना प्रोत्साहित हो इसके लिए 2015 में पेरिस समझौते में स्पष्ट कर दिया गया था कि कार्बन को देशों या संस्थाओं के बीच खरीदा-बेचा जा सकता है। इस लेन-देन को कार्बन क्रेडिट के रूप में परिभाषित कर हस्तांतरणीय दस्तावेज बना कर स्थापित किया गया है। यूनाइटेड नेशंस के क्योटो प्रोटोकोल (1997) और फिर 2005 में कार्बन को खरीदने-बेचने या व्यापार की जा सकने योग्य सामग्री पहले ही करार दिया जा चुका था किंतु पेरिस समझौते के अंतर्गत जो एक नया ज्यादा सुदृढ़ कार्बन ट्रेडिंग फ्रेमवर्क बनाए जाने की आवश्यकता थी, वह शुरुआती हस्ताक्षर के बाद कॉप-29 में हो सका।

निस्संदेह इस अधूरे कार्य के रहते भी देशों के भीतर और देशों के बाहर कार्बन ट्रेडिंग हो रही थी किंतु एकरूप मानक न होने तथा पारदर्शिता के अभाव से अनेकों झूठे कार्बन क्रेडिटों का विश्व स्तर पर लेन-देन भी हो रहा था। ऐसे में लाखों और अरबों डॉलर के भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी भी हुई। स्वैच्छिक कार्बन बाजार में सबसे ज्यादा कार्बन क्रेडिट वो हैं जो अवनत वनों के कार्बन अवशोषक के रूप में सुधार, पुर्नस्थापना के लिए दिए जाते हैं। किंतु ये सबसे ज्यादा विवादों में भी रहते हैं। वन स्थितियों की बेसलाइन में छेड़छाड़ से ज्यादा कार्बन ऑफसेट दिखाया जा सकता है। जितना कार्बन हटाने का क्रेडिट लिया था उतना कार्बन डाइअक्साइड तो उससे हटा ही नहीं था।

कॉप-29 के पहले नेचर' पत्रिका में ऐसी परियोजनाओं का अध्ययन प्रकाशित हुआ था, जिन्होंने करीब एक अरब टन कार्बन डाई ऑक्साइड के समतुल्य का कार्बन क्रेडिट कमाया था। उसमें से 15 प्रतिशत कार्बन ही कम किया था। अब खराब और अच्छे गुणवत्ता में कार्बन क्रेडिटों का वर्गीकरण या पहचान भी की जा रही है। कार्बन ट्रेडिंग में कार्बन क्रेडिटों के लेन-देन का व्यापार होता है। कार्बन क्रेडिट की एक इकाई एक मीट्रिक टन कार्बन डाइआक्साइड या उसके समतुल्य अन्य ग्रीन हाऊस गैसों को वायुमंडल से हटाने या उनको वायुमंडल में पहुंचने से रोकने पर दी जाती है। कार्बन ऑफसेट में कार्बन डाइआक्साईड या ग्रीन हाऊस गैसों को हटाया या पुनचर्क्रित किया जाता है। जो उद्यम अथवा प्रतिष्ठान उपकरणों, पद्धतियों या टैक्नोलॅजी के बदलावों से अपने कार्बन उत्सर्जन पहले की अपेक्षा कम कर देते हैं तो वे भी कार्बन क्रेडिट्स पाने के हकदार हो जाते हैं। अभी वैश्विक स्तर पर करीब दो अरब डॉलर का स्वैच्छिक कार्बन मार्केट है। यह एक खरब डॉलर तक भी पहुंच सकता है।

कार्बन क्रेडिटों का उपयोग ही उन्हें यूरोपीय संघ में निर्यात जारी रखने का पात्र बनाएगा क्योंकि यूरोपीय संघ उन उत्पादों के आयात पर भी कार्बन टैक्स लगाने का मंतव्य जतला चुका है, जो उसके अपने मानकों से ज्यादा कार्बन उत्सर्जन से उत्पादित हुए हैं। देशों में पेट्रोल, कोयले जैसे जीवाश्म ईंधनों के उत्पादन बढ़ ही रहे हैं। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर घोषित कार्बन उत्सर्जन कटौती प्रतिबद्धता लक्ष्यों को उनके खरीदे कार्बन क्रेड्ट्सों के मुआवजे से ही पूरा करने की जरूरत होगी। चिंताजनक है कि अधिकांश देश या उद्यम दुनिया के लक्ष्यों के अनुसार अगले दो-तीन दशकों के भीतर ही कार्बन न्यूट्रल तो होना चाहते हैं किंतु इसे कोयला, पेट्रोल जैसे जीवाश्म ईंधनों के उपयोगों और उत्पादनों को छोड़ते हुए नहीं करना चाहते, बल्कि इसे अन्यत्र किसी को मिली कार्बन क्रेडिट खरीद कर अपने ज्यादा कार्बन उत्सर्जन की एवज में देकर पूरा करना चाहते हैं। जो प्रतिष्ठान अपने खाते में स्वयं अर्जित या किसी से खरीद कर कार्बन क्रेडिट जोड़ लेते हैं तो उससे वे अपनी कार्यवाहियों के कार्बन फुटप्रिंट कम कर सकते हैं। प्रति इकाई कार्बन क्रेडिटों के बाजार भाव में मांग के अनुसार उतार-चढ़ाव आता रहता है। जब दाम बहुत नीचे गिर जाएंगे तब तो प्रदूषण जारी रखना भी लाभ का सौदा ही रहेगा। तो फिर धनी लोग किसी गरीब देश से जंगल उगवा कर और उससे कार्बन ऑफसेट हासिल कर अपने घातक धरा को गरम करते गैसीय प्रदूषणों को जारी रखेगा। इसके लिए खेती की जमीनों के उपयोग की भी आशंका है। ऐसे में गरीब देशों में खाद्य संकट भी गहरा सकता है।

कार्बन क्रेडिट विक्रेता के कंधे पर चढ़ कर कुछ कार्बन उत्सर्जन पैदा करतीं नामी-गिरामी कंपनियां अपने को नेट जीरो कार्बन और नेगेटिव कार्बन उत्पादक घोषित कर अपनी छवि भी सुधार रही हैं। इसे ग्रीनवॉशिंग भी माना जा सकता है। समझ लीजिए, किराये की कोख से संतान पैदा करवा रही हैं किंतु किसी भी उद्योग द्वारा दूरस्थ कहीं के कार्बन क्रेडिट खरीद कर स्थानीय स्तर पर उत्सर्जन छोड़ते ढें पर काम बदस्तूर जारी रखा जाए यह तो यह न्यायिक नहीं है। स्थानीय कार्बन प्रदूषण पर कटौती करना जनस्वास्थ्य पर होने वाले कुप्रभाव कम करने के लिए आवश्यक है ही। कार्बन क्रेडिट के संदर्भ में मुख्य बात यह है कि अब इसके बड़े-बड़े खरीददार इसका मूल्य भी लगा रहे हैं। अतः कार्बन क्रेडिट अर्जित करना पर्यावरण सुधार के साथ आय का जरिया भी हो सकता है। चाहे लालच हो या कोई अन्य कारण, विश्व में कार्बन क्रेडिट्स यदि बढ़ेंगे तो परिणाम वायुमंडल में गरम करने वाली गैसों का बढ़ना रुकना और कम होना ही होगा। जगह-जगह के ऐसे बड़े-छोटे प्रयास विश्व के कुल कार्बन उत्सर्जन पर कटौती लाते हैं। वायुमंडल किसी जिला, गांव, राज्य या देश की सीमाओं के अधीन तो नहीं है। इससे वैश्विक सकल स्तर पर कार्बन आधारित आर्थिकी तो कम होगी ही।

## किसानों की मांगों पर कोई ठोस कदम नहीं

पिछले एक साल से किसान फिर धरने पर बैठे हैं। वो भी उन मांगों के लिए जो तीन साल पहले ही केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने मान ली हैं। आप पूछ सकते हैं कि अगर किसानों की मांगें मान ली गई हैं तो वे धरने पर क्यों बैठे हैं। इसका जवाब है केंद्र सरकार की वादाखिलाफी। इसने मांगे तो मान लीं, लेकिन उस पर अमल नहीं किया।19 नवम्बर 2021 को गुरु नानक जयंती के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने का एलान किया था। इसके साथ ही कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) लागू करने के लिए एक समिति बनाने, आंदोलन के दौरान किसानों पर दर्ज किए गए मुकदमे वापस लेने और कृषि ऋणों पर उदारतापूर्वक विचार करने की बात भी कही।इसके बाद किसानों ने 9 दिसम्बर 2021 को आंदोलन समाप्त करने पर सहमति प्रदान की और कहा कि 11 तारीख से उनकी आंदोलन से वापसी हो जाएगी, लेकिन दो साल बीत जाने के बावजूद सरकार ने किसानों की मांगों पर अमल करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। सरकार ने एमएसपी लागू करने के लिए समिति का गठन तो कर दिया, लेकिन उसमें उन लोगों को शामिल कर दिया जो लोग कृषि कानूनों के पक्षधर थे। इसमें किसान प्रतिनिधियों को तो शामिल किया गया, मगर बहुमत सरकार समर्थक प्रतिनिधियों का कर दिया गया। इससे नाराज होकर किसानों ने उस समिति की बैठकों में भाग लेने से ही मना कर दिया। इनका तर्क था कि समिति सारे फैसले बहुमत के आधार पर अपने पक्ष में करा लेगी। इसी तरह सरकार ने आंदोलन के दौरान किसानों पर दर्ज किए गए मुकदमों को भी वापस नहीं लिया।

आज भी 55 हजार से ज्यादा किसानों पर मुकदमे दर्ज हैं। किसानों के कृषि ऋणों को लेकर भी कोई बात नहीं हुई। इससे क्षुब्ध किसानों ने नये सिरे से आंदोलन शुरू करने का मन बनाया। करीब एक साल पहले किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के प्रति निष्ठा रखने वाले किसानों ने धरना शुरू कर दिया, लेकिन इस बार उन्हें पिछली बार की तरह दिल्ली की सीमा तक नहीं पहुंचने दिया गया। उन्हें पंजाब की सीमा पर ही रोक दिया गया। किसान साल भर से वहीं धरने पर बैठे रहे, लेकिन सरकार उनसे बात करने को तैयार नहीं हुई। तब कैंसर पीड़ित 70 वर्षीय किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 26 नवम्बर को आमरण अनशन की घोषणा कर दी। सरकार के कान पर तो फिर भी जूं नहीं रेंगी, मगर जब अनशन को करीब एक महीने बीत गए तो सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले का संज्ञान लिया। उसने पंजाब सरकार को कहा कि वह डल्लेवाल को चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराए, लेकिन डल्लेवाल इसके लिए तैयार नहीं।

## तस्वीरों की दुनिया



कांग्रेस प्रभारी काजी निजामुद्दीन ने नई दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की सीलमपुर में जनसभा की घोषणा की।




आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नई दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।



भाजपा सांसद कंगना रनौत नागपुर के सुरेश भट हॉल में रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3030 द्वारा आयोजित वार्षिक जिला सम्मेलन रिजॉइस में शामिल हुई।



झामुमो सुप्रीमो और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन के 81वें जन्मदिन के अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) विधायक कल्पना मुर्मू ने झारखंड के रांची में उनसे आशीर्वाद लिया।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मेरठ में आईआईएमटी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के दौरान डिग्री प्रदान की।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दरभंगा में प्रगति यात्रा के दौरान लोगों से बातचीत की।



दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।

# कन्नौज रेलवे स्टेशन पर बड़ा हादसा, अचानक गिरा निर्माणाधीन भवन का लेंटर, 25 मजदूर घायल

**कन्नौज, 12 जनवरी [एजेंसी]।**

रेलवे स्टेशन पर बन रहे नए भवन का लेंटर कमजोर शटरिंग के कारण शनिवार दोपहर अचानक ढह गया। मलबे की चपेट में आने से 25 मजदूर घायल हो गए, जबकि अन्य ने भागकर जान बचाई। घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। इनमें 11 की हालत गंभीर है। कुछ अन्य के दबे होने की आशंका में रात 11.30 बजे तक एक ब्लॉक का मलबा हटाया जा चुका था, लेकिन कोई नहीं मिला। दूसरे ब्लॉक पर काम चल रहा था। आशंका यह भी जताई जा रही है कि मलबे में कोई न हो। रेलवे ने रात 12.30 बजे विज्ञप्ति जारी कर बचाव कार्य पूरा होने की बात कही है।काम का ठेका सपा सरकार में मंत्री रहे नारद राय के साले रामविलास राय की फर्म आशुतोष इंटरप्राइजेज को दिया गया था। घटना के बाद से उनका मोबाइल फोन नंबर बंद है। रेलवे ने जांच के लिए उच्चस्तरीय कमेटी बना दी है। हादसे में मामूली घायलों को 50 हजार और गंभीर घायलों को 2.5 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हादसे को दुखद बताया है और जांच के लिए कमेटी बनाने की जानकारी दी है। अमृत योजना के तहत रेलवे स्टेशन पर निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें 7.76 करोड़ से मुख्य भवन का निर्माण कराया जा रहा है। तीन दिनों से लगातार लेंटर की ढलाई हो रही थी। लिफ्ट मशीन से सीमेंट का मसाला ऊपर ले जाया गया, उसी दौरान शटरिंग में लगाई गई बल्लियां चटकने लगीं और लेंटर का आधे से अधिक हिस्सा भरभराकर ढह गया। तेज धमाका व चीख पुकार सुनकर जीआरपी के सिपाही वहां पहुंचे। नगर पालिका से बैकहो लोडर और हाइड्रा मशीन मंगाकर मलबा हटाने का काम शुरू किया गया। इस दौरान 23 मजदूरों को निकालकर जिला अस्पताल भेजा गया। घटना के तुरंत बाद समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण, डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल भी पहुंच गए। जिले की सभी एंबुलेंस व उन्नाव, हरदोई और फर्रुखाबाद से दमकल टीमें बुलाई गईं।संसाधन न होने के कारण दमकल टीमें मूकदर्शक ही बनी रहीं। शाम को 4.42 बजे उप्र एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की टीम गैस कटर लेकर पहुंची। इसके बाद लेंटर की सरियों का जाल काटा गया। करीब पांच बजे मंडलायुक्त के. विजयेन्द्र पांडियन और आइजी जोगेन्द्र कुमार, एसपी जीआरपी आगरा अभिषेक वर्मा भी पहुंच गए। देर शाम मंडल रेल प्रबंधक इज्जतनगर वीणा सिन्हा भी पहुंचीं। दो मजदूर बाद में घायल मिले।



हालत नाजुक होने से एक को किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) लखनऊ और 10 को तिर्वा राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। डीएम ने बताया कि 25 घायलों में से तीन की हालत गंभीर, लेकिन खतरे से बाहर है। अन्य मजदूरों के दबे होने की आशंका में दूसरे ब्लॉक का मलबा भी हटाया जा रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि जांच टीम में मुख्य इंजीनियर प्लानिंग एंड डिजाइन, अपर मंडल रेल प्रबंधक इज्जतनगर, मुख्य सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल शामिल किए गए हैं।बाहर निकाले गए घायलों में 21 कन्नौज के हैं। इसके अलावा ग्वालियर के आनंदनगर निवासी 62 वर्षीय राजकुमार गोयल, बलिया के 50 वर्षीय स्वामी नाथ और हरदोई के माधौगंज के फतेहपुरर्वा निवासी 45 वर्षीय महेश कुमार भी शामिल हैं। राजकुमार को मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। पुलिस ने बचाव कार्य के लिए बुलडोजर बुलवाया और सीधे घटनास्थल की ओर भेज दिया। वहां मौजूद लोगों ने कहा कि इस तरह तो नीचे दबे लोगों की मौत हो जाएगी। पुलिस नहीं मानी तो लोगों ने पथराव किया, जिससे बुलडोजर के शीशे टूट गए।

## ओडिशा में आग लगने से दो बच्चों की मौत, सीएम मोहन माझी में जताया दुख, मृतकों के परिजनों को मुआवजे का ऐलान

**भुवनेश्वर 12 जनवरी।** ओडिशा के बौध जिले में शनिवार को पुआल के ढेर में आग लग गई जिसकी चपेट में आकर दो लड़कों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। घटना बौध जिले के सदर ब्लॉक के मुंडीपदर पंचायत के बौनसुनी में हुई। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, एक लड़का आठ साल का था, जबकि दूसरा सिर्फ पांच साल का था।हादसे पर मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने घटना पर दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। स्थानीय लोगों के अनुसार, शाम को मौसम ठंडा होने के कारण लड़के अपने घर के बाहर आग के पास बैठे थे। तभी आग की लपटें बढ़ने लगीं। लड़कों ने खुद को बचाने के लिए पुआल के ढेर में शरण ली लेकिन उसने भी आग पकड़ ली। अधिकारी ने कहा कि मासूम लड़कों ने पुआल के ढेर में शरण ली।

## इंदौर के देवी अहिल्या विविश्वविद्यालयवि का बड़ा फैसला डिग्री और दस्तावेजों में अब इंडिया नहीं, भारत लिखा जाएगा

**इंदौर।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) ने अपने सभी आधिकारिक दस्तावेजों में इंडिया शब्द का उपयोग नहीं करने का निर्णय लिया है। इसके स्थान पर भारत शब्द का उल्लेख किया जाएगा। यह प्रस्ताव विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की बैठक में लिया गया। कुलगुरु डॉ. राकेश सिंघई के अनुसार एक राष्ट्र-एक नाम भारत की अवधारणा के तहत कदम उठाया गया है। जल्द ही यह व्यवस्था लागू की जाएगी। डिग्री-अंकसूची-ट्रांसक्रिप्ट में भारत शब्द लिखा जाएगा। कुलगुरु डा. सिंघई के अनुसार इस निर्णय के बाद देश और विदेश में सभी पत्राचार और दैनिक कार्यों में भारत का ही उपयोग होगा। उन्होंने यह भी कहा कि डीएवीवी संभवतः देश का पहला विश्वविद्यालय है, जिसने इस तरह का प्रस्ताव पारित किया है।उन्होंने बताया कि भारत का नाम प्राचीन काल से ही भारत रहा है, और अंग्रेजों ने इसे इंडिया नाम दिया था। उन्होंने कहा कि हमें अपने देश के मूल नाम भारत का ही उपयोग करना चाहिए।

## सोलर पैनल लगाकर बिजली बिल किया शून्य, प्रधानमंत्री मोदी ने किया आमंत्रित

**जमशेदपुर।** परंपरागत बिजली उत्पादन कर कार्बन उत्सर्जन को कम करना और बिजली के मामले में हर घर को आत्मनिर्भर बनाना प्रधानमंत्री का सपना है, जिसे जमशेदपुर के सुशांता कुमार भट्टाचार्य और सरायकेला-खरसावां जिला निवासी मनोज कुमार शर्मा ने साकार किया है। पीएम सूर्य घर योजना के तहत इन्होंने अपने घर की छत पर पांच-पांच किलोवाट का सोलर पैनल स्थापित किया। ऐसा कर दोनों जहां बिजली बिल के झंझट से पूरी तरह मुक्त हो चुके हैं, वहीं उन्होंने बिजली बेचने की शुरुआत भी कर दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस पहल के लिए दोनों की न सिर्फ सराहना की है, बल्कि दिल्ली में 26 जनवरी को प्रस्तावित गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने का आमंत्रण भी दिया है। पैनल स्थापित करने में दोनों को क्रमशः 3.25-3.25 लाख रुपये की लागत आई, जिसमें उन्हें 78-78 हजार रुपये का अनुदान मिला। पीएम सूर्य घर योजना के तहत देश में कितने उपभोक्ताओं ने अपना मीटर नेट जीरो किया है। ऊर्जा मंत्रालय ने देश के सभी डिस्कॉम (बिजली वितरण कंपनी) से इसकी सूची मांगी थी। इसमें टाटा स्टील से सुशांता व टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (पूर्व में जुस्को) से इनका नाम प्रस्तावित किया गया था। सुशांता टाटा स्टील और उनके छोटे भाई शंकर भट्टाचार्य बैंक से सेवानिवृत्त हैं। दोनों एक ही घर में अपने स्वजन के साथ रहते हैं।

# लवली कंडारा एनकाउंटरः सीबीआई की बड़ी कार्रवाई, एसएचओ समेत पांच पुलिस कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**जोधपुर, 12 जनवरी [एजेंसी]।**

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय जोधपुर के बहुचर्चित लवली कंडारा और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में गोली लगने से युवक की मौत के मामले में सीबीआई ने तत्कालीन रातानाडा थाना के थाना अधिकारी लीलाराम सहित पांच कर्मियों पर एफआईआर दर्ज की है। गहलोत सरकार के कार्यकाल में इस मामले की जांच सीबीआई की दी गई थी। इसकी जांच स्पेशल सेल द्वितीय के डीएसपी मोहिंदर राम करेंगे। इस मामले को आरएलपी सांसद हनुमान बेनीवाल ने संसद में भी उठाया था। दलित संगठनों ने भी इसके लिए आंदोलन किया था।दरअसल, 13 अक्टूबर 2021 को बनाड़ रोड पर दोपहर बाद नवीन उर्फ लवली कंडारा और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में गोली लगने से लवली की मौत हो गयी थी। इस मामले में 9 जनवरी को सीबीआई ने यह एफआईआर दर्ज की है, जिसमें सीआई लीलाराम के अलावा रातानाड़ा थाने के तत्कालीन कांस्टेबल जितेंद्र सिंह, किशन सिंह, अंकित और विशाल को नामजद किया गया है। मामले की जांच सीबीआई से करवाने के लिए नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल लगातार प्रयासरत थे। लवली के परिजनों ने हाल ही में फिर बेनीवाल से मुलाकात की थी। घटना के बाद कुछ वीडियो वायरल हुए थे, जिसके आधार पर परिजनों ने पुलिस पर आरोप लगाया कि लीला राम ने जानबूझकर लवली को गोली मारी, जबकि इसकी जरूरत नहीं थी।




परिजनों ने सीधा लीला राम सहित अन्य पर उसकी हत्या का आरोप लगाया था। घटना के विरोध में जोधपुर में आंदोलन भी हुआ था और धरना दिया गया था।

इसके बाद 17 अक्टूबर को कमिश्नर जोश मोहन ने लीला राम सहित पांचों को निलंबित किया गया। इस मामले में 26 अक्टूबर को डीसीपी ईस्ट भुवन भूषण ने लीला राम सहित 5 पुलिस कर्मियों को बहाल कर दिया।13 अक्टूबर को एनकाउंटर से पहले सेनापति चौराहा के पास लवली अपनी कार में था। लीलाराम सादी वर्दी में हाथ में पिस्टल लिए गाड़ी के पास गए और कांच तोड़ने की कोशिश की। इस दौरान लवली अपनी कार को भगा ले गया था। बनाड़ रोड पर पुलिस ने अपनी गाड़ी तेजी से आगे लेकर लवली की गाड़ी के आगे लगा दी और उसके बाद लीला राम बाहर निकले और फायर किया, जिसमें लवली की गोली लगी। इस दौरान लवली की गाड़ी में छह लोग थे, जिनमें से दो लोग मौके से भागने में कामयाब हुए थे। पुलिस लवली को घायल अवस्था में अस्पताल लेकर आई, जबकि तीन लोगों को गिरफ्तार किया था।

# सौरभ शर्मा और उनके रिश्तेदारों पर कसेगा शिकंजा संपत्ति अटैच करने की तैयारी में आयकर विभाग



**भोपाल, 12 जनवरी [एजेंसी]।**

पूर्व परिवहन आरक्षक सौरभ शर्मा, उसके रिश्तेदारों और करीबियों की संपत्ति आयकर विभाग ने जल्द ही अटैच (बंधक) करने की तैयारी की है। इसके लिए विभाग ने ऐसी संपत्तियों की सूची तैयार की है जो सौरभ ने अपने रिश्तेदारों के नाम से खरीदी थी। रिश्तेदारों ने अघोषित आय से जो संपत्ति खरीदी है, उन्हें भी अटैच किया जाएगा। संपत्ति की खरीद-बिक्री पर रोक के लिए जल्द ही विभाग की ओर से संबंधित जिलों के जिला पंजीयकों को पत्र लिखकर ऐसी अचल संपत्तियों की खरीदी-बिक्री पर रोक लगाने के लिए कहा जाएगा। सौरभ शर्मा और उसके करीबी चेतन गौर के भोपाल स्थित आवास पर लोकायुक्त पुलिस ने 18 दिसंबर को छापा मारा था। दोनों जगह मिलाकर पुलिस को लगभग आठ करोड़ रुपये की संपत्ति का पता चला था। सौरभ के करीबी शरद जायसवाल के नाम से भी सौरभ के यहां संपत्तियों के दस्तावेज मिले थे।छापे के अगले दिन भोपाल में ही मेंडोरी गांव के एक प्लांट खड़ी कार में 54 किलो सोना और लगभग 10 करोड़ रुपये नकद मिले थे। यह कार चेतन के नाम थी, जिसे सौरभ और उसके कर्मचारी उपयोग करते थे। आयकर विभाग ने कार को जब्त किया था। इसके बाद सौरभ की मां, चेतन व अन्य रिश्तेदारों से पूछताछ की थी।

सूत्रों का कहना है कि सौरभ ने अपने रिश्तेदारों और करीबियों के नाम बेनामी संपत्तियां बनाई थीं। लोकायुक्त पुलिस में दर्ज एफआइआर के आधार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर में सौरभ और रिश्तेदारों के आवास पर छापा मारा था। जबलपुर में सौरभ के रिश्तेदार रोहित तिवारी के यहां ईडी ने तलाशी ली थी।सभी जगह से मिलाकर 23 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति और बैंक खातों में जमा 10 करोड़ रुपये की राशि के दस्तावेज जब्त किए थे। ईडी ने शनिवार को भी इस मामले में सौरभ शर्मा के दो करीबियों से पूछताछ की है।आयकर सूत्रों ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि जिस कार में सोना व नकदी मिली है।

## सड़क हादसों में जान बचाने वालों को मिलेगा इनाम, सरकार देगी मोटी रकम

**नई दिल्ली।** देश में अच्छे हाईवे और एक्सप्रेसवे के बढ़ते नेटवर्क के साथ सरकार की चिंता यह भी है कि सड़क हादसों की रफ्तार भी बढ़ती जा रही है। प्रतिवर्ष सड़क हादसों में होने वाले मृत्यु का आंकड़ा बढ़ते देख सरकार अब सड़क सुरक्षा सुरक्षा, जागरूकता और सख्ती के नए जतन आजमाने जा रही है। इसी प्रयास में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय सड़क हादसों में घायल होने वालों को समय पर अस्पताल पहुंचाने वालों की प्रोत्साहन राशि पांच हजार रुपये बढ़ाकर पच्चीस हजार करने जा रही है। इसके साथ ही कमीशन पर ऐसे जागरूक जन भी तैयार करने की तैयारी है, जो सड़क पर गलत तरीके से खड़े वाहनों की जानकारी तुरंत यातायात पुलिस तक पहुंचाएंगे। सड़क सुरक्षा पर शनिवार को नागपुर में आयोजित कार्यक्रम में अभिनेता अनुपम खेर के साथ बातचीत में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि वर्तमान में दुखद औसत आंकड़ा यह है कि हर दिन 474 लोग सड़क हादसों में जान गंवा रहे हैं। रोड एक्सीडेंट में होने वाली मौतें कोविड, किसी दंग या युद्ध में होने वाली मौतों से भी अधिक हैं।

# बाघों की खाल और काले हिरणों के सींगों से सजा है पूर्व विधायक का बंगला, दो दिन में मुक्त कराए चार मगरमच्छ

**सागर, 12 जनवरी [एजेंसी]।**

सागर में पूर्व विधायक हरवंश सिंह राठौर के बंगले के डाइनिंग हाल में बाघों की खाल व हिरणों के सींग सजे हुए हैं। बंगले के अंदर की भव्यता की तस्वीर स्वयं राठौर का इंटरनेट मीडिया पर बना फेसबुक एकाउंट बयां कर रहा है। दीवारों पर बाघों की खालों के साथ-साथ हिरणों के सींग टंगे हुए हैं। इसी डाइनिंग रूम में राठौर अतिथियों का स्वागत करते हैं।तस्वीरों में काले हिरणों के खोपड़ी सीगों सहित बाघ की दो खालें भी नजर आ रही हैं। सूत्रों के मुताबिक राठौर बंगले पर तीन पीढ़ियों से वन्य प्राणी पले हुए थे। इसके लिए यहां एक छोटा चिड़ियाघर बनाया गया। इसमें मगरमच्छों के अलावा अन्य वन्य प्राणी हुआ करते थे। विविध प्रजातियों के पक्षियों को भी पाला गया था, यह स्थान सार्वजनिक था। यहां शहर का कोई भी व्यक्ति आ-जा सकता था, लेकिन आयकर विभाग के सर्वे के बाद बंगले में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। हरवंश 2013 से 2018 तक बंडा विधानसभा सीट से विधायक और दो बार जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुके हैं। मध्य प्रदेश के सागर जिले में बंडा सीट से भाजपा के विधायक रहे हरवंश सिंह राठौर के बंगले से बीते दो दिन में चार मगरमच्छ मुक्त कराए गए हैं। वन विभाग की टीम कार्रवाई के लिए पहुंची तो पूर्व विधायक के सुरक्षाकर्मियों ने रोक लिया और सिर्फ चुनिंदा 15 कर्मचारियों को ही अंदर जाने दिया।मीडिया को भी बंगले के आसपास नहीं फटकने दिया गया। भोपाल स्थित वन्य प्राणी मुख्यालय के अपर मुख्य वन संरक्षण वन्य जीव (एपीसीसीएफ) एल. कृष्णमूर्ति ने बताया कि पूर्व विधायक के बंगले पर मगरमच्छों व अन्य वन्यजीवों के पाए जाने पर वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट के तहत कार्रवाई के लिए सागर डीएफओ को निर्देश दिए हैं। दरअसल, बताया गया कि पूर्व विधायक राठौर के बंगले पर पूर्व में चिड़ियाघर हुआ करता था। इसे कुछ वर्षों पहले वह बंद करने का ऐलान कर वन विभाग को सूचना दे चुके हैं लेकिन मगरमच्छ अभी भी थे।



# दिल्ली में ठंड ने बरपाया कहर, हो गई 474 लोगों की मौत



**नईदिल्ली, 12 जनवरी [एजेंसी]।**

सर्दी के सितम ने दिल्ली की सड़कों पर 474 बेघरों की जानें लील ली है। यह दावे सेंटर फार होलिस्टिक डेवलपमेंट (सीएचडी) ने किए हैं। सीएचडी के कार्यकारी निदेशक सुनील अलेडिया के अनुसार, दिल्ली पुलिस नेटवर्क (जिप नेट) द्वारा संकलित ये आंकड़े पिछले वर्ष 15 नवंबर से इस वर्ष 10 जनवरी के बीच के हैं। जिसमें पुलिस ने 80 प्रतिशत मामलों को अज्ञात पहचान के रूप में दर्ज की है।

इसमें सर्वाधिक मौतें रेलवे स्टेशन परिसरों में है, जिसमें आनन्द विहार, सब्जी मंडी, हजरत निजामुद्दीन, सराय रोहिला, दिल्ली कैंट समेत अन्य स्टेशन हैं, जहां से 100 मौतें दर्ज की गई है। इसके बाद, अधिक मौतें उत्तरी दिल्ली जिला पुलिस क्षेत्र में दर्ज की गई है। सब्जी मंडी, कश्मीरी गेट, कोतवाली, लाहौरी गेट, सिविल लाइंस, बाड़ा हिंदूराव, सदर बाजार, तिमारपुर, सराय रोहिला, वजीराबाद, गुलाबी बाग समेत अन्य स्थानों में नवंबर से अब तक 83 मौतें हुई है।

जबकि मध्य दिल्ली के दरियागंज, पहाड़गंज, नबी करीम, जामा मस्जिद, हौज काजी, राजेंद्र नगर, पटेल नगर, कमला मार्केट, करोल बाग समेत अन्य इलाकों में 54 बेघरों की मौतें सर्दी से दर्ज की गई है। सीएचडी ने यह आंकड़ें जारी करते हुए दिल्ली के मुख्य सचिव व डूसिब के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि धवन से बेघरों के आश्रय गृहों की संख्या बढ़ाने के साथ उचित प्रबंध की मांग की है।वैसे, डूसिब के एक अधिकारी ने सर्दी से सैकड़ों लोगों की मौतों के आंकड़ों को अविश्वसनीय बताते हुए कहा कि यह आंकड़े उचित प्रतीत नहीं होते हैं। अधिकारी ने दावा करते हुए कहा कि आश्रय गृहों में बेघरों में बेहतर व्यवस्था है। साल-दर-साल जलवायु परिवर्तन के बढ़ते असर से राजधानी का मौसम भी अछूता नहीं है। पिछले कुछ सालों से यहां चरम मौसमी घटनाओं में भी तेजी से इजाफा हुआ है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2024 ने राजधानी को कई अहम सबक दिए हैं। इस साल मानसून और गर्मी तो जानलेवा रही ही। साल के दस महीने मौसम में कोई न कोई पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ा। विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले वर्षों में वर्षा, गर्मी और सर्दी और तीव्र होंगी। ऐसे में दिल्ली को भी इनसे निपटने के लिए तैयारियां करनी होंगी। हीट एक्शन प्लान की तर्ज पर मानसून एक्शन प्लान व विंटर प्लान भी तैयार करने होंगे ताकि संवेदनशील वर्ग के लोगों को बदलते मौसम के प्रभाव से बचाया जा सके।

# अंतरिक्ष में कैसे हैं दोनों स्पेसक्राफ्ट, क्यों नहीं हो पा रही डॉकिंग, इसरो ने जारी किया ताजा अपडेट



**नईदिल्ली, 12 जनवरी [एजेंसी]।**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को बार-बार स्पैडेक्स मिशन की डॉकिंग को टालना पड़ रहा है। मगर अब इसरो ने एक बयान जारी कर बताया है कि दोनों छोटे अंतरिक्ष यान 230 मीटर की दूरी पर हैं और उनकी स्थिति सामान्य है। एक्स पर इसरो ने लिखा कि स्पैडेक्स को 230 मीटर की अंतर उपग्रह दूरी (आईएसडी) पर रोका गया। सभी सेंसर का मूल्यांकन किया जा रहा है। अंतरिक्ष यान सही एवं सामान्य हैं। स्पैडेक्स मिशन की डॉकिंग पहले 7 जनवरी को होनी थी। मगर इसरो ने इसे 9 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दिया था। इसके बाद बुधवार यानी 8 जनवरी को दूसरी बार डॉकिंग को स्थगित करना पड़ा। इसकी वजह यह थी कि दोनों उपग्रह प्रक्षेपण के दौरान अपेक्षा से अधिक दूर चले गए थे। 30 दिसंबर को इसरो ने स्पैडेक्स मिशन को पीएसएलवी-सी60 से लॉन्च किया था। यह साल 2024 में इसरो का आखिरी मिशन था। 10 जनवरी को भी इसरो ने बयान में कहा था कि दोनों अंतरिक्ष यान 1.5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं। दोनों होल्ड मोड पर हैं। शनिवार सुबह तक 500 मीटर की दूरी तक पहुंचने की उम्मीद है।

स्पैडेक्स इसरो का एक महत्वाकांक्षी मिशन है। इसके माध्यम से अंतरिक्ष में दो छोटे अंतरिक्ष यानों को भेजा गया है। वहां इन दोनों यानों की डॉकिंग करवाई जाएगी। अगर इसरो का यह मिशन सफल रहा तो भारत ऐसा करने वाला दुनिया का चौथा देश बन जाएगा। मौजूदा समय में अंतरिक्ष में डॉकिंग और अनडॉकिंग की तकनीक सिर्फ अमेरिका, रूस और चीन के पास है।डॉकिंग तकनीकी भारत के कई अन्य अंतरिक्ष मिशनों में काम आएगी। चंद्रयान-4 में भी इसका इस्तेमाल होगा। इसी की मदद से चंद्रमा की मिट्टी भारत लाई जाएगी। इसके अलावा भारत ने 2035 तक अंतरिक्ष में अपना भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाने का निर्माण लिया है। इस स्टेशन के निर्माण और संचालन में डॉकिंग तकनीकी का ही इस्तेमाल होगा। इसरो ने स्पैडेक्स मिशन के तहत दो छोटे अंतरिक्ष यानों को भेजा है। इसमें एक अंतरिक्ष यान एसडीएक्स 01 (चेजर) और दूसरा एसडीएक्स-02 ( टारगेट) है।

## हॉल्टर नेक आउटफिट में अनुष्का सेन ने लगाया ग्लैमर का तड़का, एक्ट्रेस का लुक देख फैंस हुए घायल



छोटे पर्दे से करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस अनुष्का सेन आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तरीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका ग्लैमरस लुक देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं।

एक्ट्रेस अनुष्का सेन अपने फैशन स्टेटमेंट्स के कारण आए दिन सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं।

तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने हॉल्टर नेक लुक में बेहद ही शानदार ब्लैक कलर का लॉन्ग ड्रेस पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में काफी हॉट एंड सेक्सी लग रही हैं।

अनुष्का सेन हमेशा अपने लेटेस्ट लुक से फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लेती हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। फैंस भी उनके लुक पर से नजरें नहीं हटा पा रहे हैं।

एक्ट्रेस की इन फोटोज को शेयर हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 3 लाख 44 हजार से भी ज्यादा यूजर्स ने फोटोज पर लाइक्स कर दिए हैं। वहीं, कुछ यूजर्स- फेयरी गर्ल, नाइस, सो क्यूट, अडोरेबल लिख कर कॉमेंट कर रहे हैं।

अनुष्का सेन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। बता दें कि सिर्फ इंडिया में ही नहीं उन्हें विदेश में भी लोग फॉलो करते हैं।

# मराठाओं की राजमाता कही जाती हैं जीजाबाई, शिवाजी को बनाया था महान योद्धा

आज ही के दिन यानी की 12 जनवरी को जीजाबाई का जन्म हुआ था। जीजाबाई ने शिवाजी के बालमन को इस तरह से गढ़ा था कि महज 17 साल की कच्ची उम्र में ही वह जंग के मैदान में कूद पड़े थे।

भारत देश में ऐसी तमाम वीरांगनाएं हुईं, जिन्होंने शेर पुत्रों को जन्म दिया। ऐसी ही एक वीरांगना जीजाबाई उर्फ जिजाऊ माता थीं। जीजाबाई ने शिवाजी को जन्म ही नहीं दिया था, बल्कि उनके अंदर शौर्य और साहस का दीप भी प्रज्वलित किया था। जीजाबाई ने शिवाजी के बालमन को इस तरह से गढ़ा था कि महज 17 साल की कच्ची उम्र में ही वह जंग के मैदान में कूद पड़े थे। आज ही के दिन यानी की 12 जनवरी को जीजाबाई का जन्म हुआ था। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर जीजाबाई के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...



**जन्म और विवाह**

महाराष्ट्र में 12 जनवरी 1598 को जीजाबाई का जन्म हुआ था। इनके पिता का नाम लखुजी जाधव था, जोकि सिंदखेड़ गांव के राजा थे। लखुजी बचपन में उनको जिजाऊ के नाम से पुकारते थे। जब जीजाबाई महज 6 साल की थीं, तो उनकी शादी मोलाजी के पुत्र शाहजी भोसले से शादी कर दी गई। वहीं बड़े होने पर शाहजी बीजापुर दरबार में राजनायिक पद पर नियुक्त किए गए। शाहजी की मदद से बीजापुर के महाराज ने कई युद्धों में जीत हासिल की। इस खुशी में बीजापुर के महाराज ने शाहजी को कई जागीर और शिवनेरी दुर्ग उपहार में दिया। अक्सर युद्ध के सिलसिले में शाहजी बाहर रहते थे। तो वहीं शिवनेरी दुर्ग में जीजाबाई ने 6 पुत्री और 2 पुत्रों संभाजी और शिवाजी को जन्म दिया।

**हिंदू साम्राज्य की स्थापना का संकल्प**

जब शिवाजी का जन्म हुआ था, तब वह शाहजी मुस्तफा खां की कैद में थे। शिवाजी और शाहजी की मुलाकात 12 सालों बाद हुई थी। माना जाता है कि उस समय अफजल खां के साथ हुए युद्ध में संभाजी और शाहजी मारे गए। तब प्रथानुसार जीजाबाई ने सती होने का फैसला लिया, लेकिन शिवाजी महाराज ने उनको ऐसा करने से रोक लिया। क्योंकि शिवाजी मां जीजाबाई को अपनी प्रेरणा स्रोत, मार्ग दर्शक एवं गुरु मानते थे। वहीं जीजाबाई ने भी सती होने का निर्णय छोड़कर अपने बेटे को एक सशक्त योद्धा और चतुर राजनीतिज्ञ बनाने का फैसला किया। वहीं मां जीजाबाई के निर्देश पर ही शिवाजी ने हिंदू साम्राज्य स्थापित करने का फैसला किया।

एक प्रसंग के मुताबिक जीजाबाई अक्सर राज्य में स्थित मां भवानी के मंदिर जाया करती थीं। वह मां भवानी से प्रार्थना करती थीं कि स्त्रियों की दुर्दशा उनसे देखी नहीं जा रही। इसलिए मां भवानी उनको कोई उपाय बताएं। तब मां भवानी ने जीजाबाई को आशीर्वाद देते हुए कहा कि उनके पुत्र शिवाजी अलबा महिलाओं की रक्षा करेंगे। जीजाबाई की मां भवानी के प्रति इस आस्था की वजह से शिवाजी भी अपनी मां के साथ मंदिर जाया करते थे। बताया जाता है कि शिवाजी के पास कई तलवारें थीं, जिनमें से एक तलवार मां भवानी के नाम की थी। जिसको शिवाजी महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए उठाते थे।

**मृत्यु**

बता दें कि दक्षिण भारत में मराठा यानी हिंदुत्व की स्थापना का श्रेय जीजाबाई को दिया जाना चाहिए। क्योंकि उनकी प्रेरणा और संस्कारों की वजह से शिवाजी महाराज ने मराठों के लिए हथियार उठाएं थे। शिवाजी के इस अभियान से मुगल बादशाह भी कांपते थे। क्योंकि मुगल जानते थे कि यदि शिवाजी अपने मकसद में कामयाब रहे, तो भारत में मुगलों का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। वहीं 17 जून 1674 को जीजाबाई का निधन हो गया था।



## अमीर खान ने धूम्रपान छोड़ने के पीछे बताइ वजह

फ़िलहाल फ़िल्मों से दूर चल रहे आमिर खान ने शुक्रवार को खुलासा किया कि उन्होंने कई सालों तक धूम्रपान करने के बाद धूम्रपान छोड़ दिया था। %तारे ज़मीन पर के अभिनेता मुंबई में अपने बेटे जुनैद की फ़िल्म लवयापा के ट्रेलर लॉन्च पर मौजूद थे, जहाँ उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी चिंता के कारण ऐसा फ़ैसला लेने के पीछे की असली वजह बताई।

उन्होंने उस समय धूम्रपान छोड़ने का फैसला किया जब उनका बेटा फिल्म उद्योग में अपना करियर बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। आमिर ने जोर देते हुए कहा, इसके अलावा, मेरे बेटे की फिल्म आने वाली है। मुझे लगा कि धूम्रपान छोड़ने का यह सही समय है, इसलिए मैंने धूम्रपान न करने की कसम खाई।

## इंडस्ट्री भाषाओं की दीवारें तोड़कर टैलेंट को जोड़ रही सम्युक्ता मेनन

आज का भारतीय सिनेमा ऐसे कलाकारों को अपनाने के लिए तैयार है, जो भाषाओं की सीमाओं से परे जाकर काम कर रहे हैं। सम्युक्ता इसका बेहतरीन उदाहरण हैं। मलयालम, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ फिल्मों में शानदार काम करने के बाद अब सम्युक्ता बॉलीवुड में फिल्म महारानी से डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म में वह काजोल के साथ नज़र आएंगी। यह एक एक्शन-ड्रामा फिल्म है, जिसमें सम्युक्ता की भूमिका बहुत खास और दमदार है। यह दिखाता है कि वह किसी भी भाषा में अपनी कला से सबका दिल जीत सकती हैं।




बॉलीवुड में सम्युक्ता का आना यह बताता है कि अब इंडस्ट्री भाषाओं की दीवारें तोड़कर टैलेंट को जोड़ रही है। हाल ही में एक इंटरव्यू में सम्युक्ता ने कहा, मैं हमेशा मानती हूं कि कहानी कहने की कला सबकी होती है और अभिनय की कोई सीमा नहीं होती। यह प्रोजेक्ट मेरे इस विश्वास को और मजबूत करता है।

अपने हर किरदार को गहराई और भावनाओं से निभाने वाली सम्युक्ता आज क्षेत्रीय और बॉलीवुड सिनेमा को जोड़ने वाली कड़ी बन रही हैं। जैसे-जैसे बॉलीवुड पैन-इंडिया दर्शकों से जुड़ने की कोशिश कर रहा है, सम्युक्ता इस बदलाव की अगुवाई कर रही हैं और भारतीय सिनेमा को एकजुट करने में अहम भूमिका निभा रही हैं।

## बाल झड़ने से हैं परेशान तो अपनाएं ये 6 तरीके, कुछ ही दिनों में दिखने लगेगा फायदा

बालों का झड़ना पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए एक बड़ी समस्या है. आमतौर पर तनाव, प्रदूषण, अनहेल्दी लाइफस्टाइल, खराब सेहत और आहार में गड़बड़ी, बाल झड़ने का कारण माने जाते हैं, इसके साथ ही बालों का झड़ना हार्मोनल बदलाव के कारण भी होता है. पोषक तत्वों की कमी और स्कैल्प पर रूसी का होना भी बाल झड़ने का कारण है. ज्यादातर लोग इस समस्या से निजात पाने के लिए कई तरीके आजमाकर थक चुके हैं. हालांकि, आज इस खबर में नचुरल तरीकों को आजमाकर बालों को झड़ने से कैसे रोकें और बालों के विकास को बढ़ावा देने के क्या करें, इसके बारे में जानें...



**मेथी**-मेथी बालों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में बहुत मददगार है. मेथी में प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट प्रचुर मात्रा में होते हैं. यह बालों के विकास को बढ़ावा देता है और बालों का गिरना कम करता है. इसके लिए मेथी के दानों को भिगोकर उसे अच्छे से पीसकर स्कैल्प पर लगाएं। 20 मिनट बाद धो लें.

**नींबू का रस**-नींबू साइट्रिक एसिड का बहुत अच्छा स्रोत है. इससे सिर की त्वचा का श्च॥ संतुलित रखने में मदद मिलेगी. यह बालों की ग्रोथ बढ़ाने और डैंड्रफ से छुटकारा दिलाने में फायदेमंद है.इसके लिए थोड़े से पानी में नींबू का रस डालकर मिला लीजिए. इसे स्कैल्प पर लगाएं. 20 मिनट बाद धो लें.

**ब्राह्मी**-ब्राह्मी में एल्कलॉइड और ट्राइटरपेनॉइड सैपोनिन होते हैं. यह स्कैल्प को पोषण देने और बालों के रोमों को मजबूत बनाने में मदद करता है. ब्राह्मी बालों के झड़ने को रोकने और सिर पर जमा गंदगी और रूसी को हटाकर बालों के विकास को बढ़ावा देने में फायदेमंद है.

**आंवला**-आंवला विटामिन, खनिज, अमीनो एसिड, फाइटोन्यूट्रिएंट्स और एंटीऑक्सिडेंट का एक अच्छा स्रोत है, जो बालों के स्वास्थ्य की रक्षा करता है. यह बालों के रोमों को भी मजबूत करता है और खोपड़ी में रक्त के प्रवाह को बढ़ाता है. इसके साथ ही यह बालों के विकास को बढ़ावा देता है. इसके लिए आंवले के साथ नारियल का तेल सिर और बालों पर लगाएं. 30 मिनट बाद हल्के शैम्पू से धो लें.

**लाल मिर्च** -लाल मिर्च में कई घटक होते हैं जो बालों के स्वास्थ्य की रक्षा करते हैं, जिनमें फ्लेवोनोइड्स और फाइटोस्टेरॉल नामक यौगिक शामिल हैं. यह बालों का झड़ना रोकने में मदद करता है और बालों के विकास को तेज़ करता है. इसमें एंटी-माइक्रोबियल, एंटी-फंगल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी होते हैं. यह डैंड्रफ दूर करने में कारगर है.

## कई कोशिशों के बाद भी टाइल्स के बीच फंसी गंदगी नहीं हो रही साफ? तो आजमाएं ये 3 तरीके, चमक उठेगा आपके घर का फर्श



आजकल अधिकतर घरों के फर्श पर टाइल्स लगी होती हैं. टाइल्स लगाने के कई फायदे होते हैं. टाइल्स लगाने से फर्श मजबूत होता है और काफी आकर्षक दिखता है. इसके साथ ही टाइल्स का फर्श एक अच्छा इन्सुलेटर और फायर प्रूफ होता है. टाइल्स घर की खूबसूरती बढ़ाती हैं. हालांकि, गंदगी आसानी से टाइल्स में फंस जाती है, टाइल्स में गंदगी आसानी से फंसने की वजह होती है. जैसे कि टाइल्स की सतह की बनावट और डिजाइन.

दरअसल, टाइल्स की बनावट की वजह से इसपर पर निशान भी आसानी से पड़ जाते हैं. जिससे इसे निकालना मुश्किल हो जाता है. इससे टाइल्स की खूबसूरती खराब हो जाती है और नई टाइल्स पुरानी लगने लगती हैं. हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि टाइलों के बीच जमी गंदगी को कुछ आसान तरीकों से हटाया जा सकता है. इस खबर में कुछ टिप्स दिए गए हैं, जिसे आजमाने से टाइल्स गंदगी दूर होज जाएगी और टाइल्स पहले की तरह को चमकदार हो जाएगा.

**टाइल्स पॉलिश करने के टिप्स**

**सिरका और पानी:** टाइल्स को साफ करने के लिए सबसे पहले गर्म पानी लें और फिर उसमें सिरका मिलाकर मिश्रण बना लें. फिर इस मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में डालें और टाइल्स के बीच जहां गंदगी जमा हो गई है वहां थोड़ा सा स्प्रे करें. 5 मिनट बाद ब्रश से गंदगी साफ कर लें. इस तरह गंदगी साफ हो जाएगी.

**नींबू का रस:** नींबू हर घर में उपलब्ध होता है. नींबू सिर्फ नींबू पानी बनाने के लिए ही नहीं बल्कि फर्श चमकाने के लिए भी उपयोगी है. इसलिए पानी में नींबू का रस मिलाएं और टाइल्स के बीच जहां गंदगी हो वहां स्प्रे करें. इसके बाद फर्श को स्क्रबर से साफ करें। इस तरह गंदगी दूर हो जाएगी.

**बेकिंग सोडा:** बेकिंग सोडा टाइल्स के बीच की गंदगी हटाने में कारगर है. तो एक कटोरी में बेकिंग सोडा लें और फिर इसमें थोड़ा सा पानी डालकर पेस्ट बना लें. फिर इस पेस्ट को गंदे स्थान पर लगाएं और 15 मिनट के लिए छोड़ दें. इसके बाद फर्श को स्क्रब से साफ कर लें. इस तरह आपके घर के फर्श चमक उठेंगे.

## शब्द सामर्थ्य -294

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | ■ | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 293 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

# ओबीसी आरक्षण में कटौती, भाजपा सरकार का दुर्भावनापूर्ण कदम

## क्षेत्रीय असंतुलन और ओबीसी के अधिकारों का हनन

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला कांग्रेस कार्यालय में ओबीसी आरक्षण मुद्दे पर पत्रकारवार्ता आयोजित की गई, जिसमें जिला पदाधिकारी, कांग्रेस के वरिष्ठजन, ओबीसी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पत्रकारवार्ता में ओबीसी आरक्षण में हुई कटौती और भाजपा सरकार की नीतियों पर चर्चा करते हुए गंभीर आरोप लगाए गए।

भारतीय जनता पार्टी की सरकार के द्वारा स्थानीय निकाय चुनाव में आरक्षण प्रावधानों किए गए दुर्भावना पूर्वक संशोधन के चलते अधिकांश जिला और जनपद पंचायतों में ओबीसी आरक्षण खत्म हो गया है।

प्रदेश के 16 जिला पंचायत और 85 जनपदों में जहां पहले 25 प्रतिशत सीटें अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हुआ करती थी, अब अनुसूचित क्षेत्रों में ओबीसी आरक्षण लगभग खत्म हो गया है।

मैदानी क्षेत्रों में अनेकों पंचायतें ऐसी है जहां पर लगभग 90 से 99 प्रतिशत आबादी ओबीसी की है लेकिन वहां पर भी ओबीसी के लिए सरपंच का पद आरक्षित नहीं है। पंचों का आरक्षण भी जनसंख्या के अनुपात में कम है।

पूर्व में ओबीसी के लिए आरक्षित ये सभी सीटें अब सामान्य घोषित हो चुकी है। साय सरकार के द्वारा आरक्षण प्रक्रिया के नियमों में किए गए दुर्भावना पूर्वक संशोधन के बाद अनुसूचित जिले और ब्लॉकों में जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य और पंचों का जो भी पद अन्य पिछडा वर्ग के लिए आरक्षित था, वह अब सामान्य सीटे घोषित हो गई है।

बस्तर और सरगुजा संभाग में आरक्षित वर्ग को बड़ा नुकसान है सरगुजा संभाग के पांच जिले अंबिकापुर, बलरामपुर सूरजपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़, चिरमिरी, भरतपुर सोनहत, बस्तर के 7 जिले बस्तर, कांकेर, कोंडागांव, दंतेवाडा. नारायणपुर, सुकमा, बीजापुर सहित मानपुर मोहला, जशपुर, गैरोला पेंड्रा मरवाही, और कोरबा जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कुछ बचा ही नहीं है।

इस सरकार के द्वारा स्थानीय निकाय (त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय) चुनाव में आरक्षण के प्रावधानों में जो षडयंत्र पूर्वक ओबीसी विरोधी परिवर्तन किया है उसके परिणाम सामने हैं।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के लिए जिला पंचायत, जनपद पंचायत, सरपंच और पंचों के आरक्षण में ओबीसी के हक और अधिकारों में बड़ी डकैती इस सरकार ने की है।

त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं में रायपुर जिला पंचायत में 16 क्षेत्रों में से केवल 4 ओबीसी के लिए आरक्षित है।

बिलासपुर जिले में सदस्यों के 17 में से कंवल एक क्षेत्र क्रमांक 1 में ओबीसी महिला के लिए आरक्षित है, ओबीसी पुरुष के लिए 17 में से एक भी सीट आरक्षित नहीं है। इसी तरह बिलासपुर जिले के चार जनपद पंचायत में दो जनपद पंचायत अध्यक्ष के पद अनुसूचित जाति महिला, एक अनारक्षित महिला और एक जनपद अध्यक्ष का पद अनारक्षित मुक्त रखा गया है। ओबीसी के लिए बिलासपुर जिले के अंतर्गत चार जनपद पंचायतों में से एक भी जनपद पंचायत अध्यक्ष का पद ओबीसी के लिये आरक्षित नहीं है।




भारतीय जनता पार्टी की सरकार के बदनियति से चलते अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार चुनाव लड़ने से वंचित हो गए है। स्थानीय निकाय चुनाव में आरक्षण के संदर्भ में साय सरकार ने जो दुर्भावना पूर्वक संशोधन किया है वह ओबीसी वर्ग के साथ अन्याय है. अत्याचार है।

बस्तर, सरगुजा और बिलासपुर संभाग में ओबीसी वर्ग के लिए कुछ बचा ही नहीं जबकि यहां बड़ी आबादी ओबीसी वर्ग की है. भाजपा सरकार ने दुर्भावना पूर्वक संशोधन करके पिछड़ा वर्ग के प्रतिभागियों के अधिकार को कुचल दिया है।

भारतीय जनता पार्टी का मूल चरित्र ही आरक्षण विरोधी है, जब ये विपक्ष में थे तब विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित छत्तीसगढ़ नवीन आरक्षण विधेयक को रोका जिसमें अनुसूचित जनजाति को 32 प्रतिशत और अन्य पिछड़ा वर्ग को 14 से बढ़कर 27 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान था. 2 दिसंबर को पारित यह विधेयक भाजपा के षडयंत्रों के चलते ही आज तक राजभवन में लंबित है। अब स्थानीय निकाय चुनावों में आरक्षण के नियमों में बदलाव करके ओबीसी अधिकारों में दुर्भावना पूर्वक कटौती किया गया है।

पत्रकार्वता के दौरान पर उपस्थित = जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक अम्बिका सिंह देव, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद, महामंत्री बृजवासी तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, बिहारी राजवाड़े, चंद्रप्रकाश राजवाड़े, गणेश राजवाड़े, संगीता राजवाड़े, संगीता सोनवानी, रकीब बेगम, चांदनी सोनी, रवि राजवाड़े, विकाश श्रीवास्तव, धीरज सिंह, आशीष डबरे, रियाजउद्दीन, हीरालाल साहू, सुरेंद्र तिवारी, संतोष गोयन, अमित पांडे, संजय खलखो, विजय चक्रधारी, विनोद शर्मा, दीपक गुप्ता, गोलू, लालदास महंत, राहुल एवं अन्य कांग्रेसजन भारी संख्या में उपस्थित रहे।



## कन्या स्कूल को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान

**कोरिया बैकुंठपुर।** 9 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में शा. आ. क. उ. मा. वि. बैकुंठपुर की छात्राएं माध्यमिक एवं हाई स्कूल/ हायर सेकेंडरी दोनों स्तरों पर प्रथम स्थान रहीं।जिसमें हायर सेकेंडरी/ हाई स्कूल स्तर की प्रश्नोंत्तरी प्रतियोगिता में कु माहिंन अंसारी, ममता एवम आलिया प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता बनी वहीं माध्यमिक स्तर की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कु. खुसबू कुर्रे,स्नेहा सिंह, अनुजा टोप्पो ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है।विद्यालय के प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता ने विद्यालय की इन होनहार बालिकाओं व टीम प्रभारियों को इस उपलब्धि पर बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा विशेषकर हाई स्कूल/हायर सेकेंडरी स्तर विधाओं के प्रभारी श्रीमती ज्योति पी. जे. नायर व अल्फा वरवा तथा माध्यमिक स्तर विधाओं के प्रभारी श्रीमती अनुश्री देव व प्रतिमा त्रिवेदी जिन्होंने अपने अथक प्रयास से उक्त प्रतियोगिता हेतु बच्चों को तैयार कर इस गौरवमयी उपलब्धि तक पहुंचाया।साथ ही प्राचार्य श्री गुप्ता ने विद्यालय के उन सभी शिक्षकों को बधाई दी जिन्होंने इस उपलब्धि के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग दिया।



## राज्य स्तरीय युवा उत्सव में जिला कोरिया का 70 सदस्यीय दल हुआ रवाना

**कोरिया बैकुंठपुर।** राज्य स्तरीय युवा उत्सव 2024-25 का आयोजन रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 22 जनवरी से 24 जनवरी 2025 तक किया जाएगा। इस भव्य उत्सव में छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधताओं और युवा प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया जाएगा।

कार्यक्रम में सामूहिक लोक नृत्य, एकल लोक नृत्य, सामूहिक लोकगीत, एकल लोकगीत, कहानी लेखन, कविता पाठन, चित्रकला, तात्कालिक भाषण, कृषि उत्पादन प्रदर्शनी, रॉक बैंड और शिल्प कला जैसे अनेक आयोजन शामिल होंगे।

जिला कोरिया से 70 सदस्यीय दल आज कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में रायपुर के लिए रवाना हुआ। दल में विभिन्न प्रतियोगिताओं में जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागी शामिल हैं, जो राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

कलेक्टर ने दल को शुभकामनाएं देते हुए कहा, यह उत्सव न केवल छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को संजोने का माध्यम है, बल्कि यह युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक उत्कृष्ट मंच भी प्रदान करता है। जिला पंचायत सीईओ डॉ. चतुर्वेदी ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता उनके कौशल और क्षमता को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का अवसर है।

राज्य स्तरीय युवा उत्सव का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की लोक कला, संस्कृति और युवाओं की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना है। आयोजन को लेकर पूरे जिले के युवाओं में उत्साह देखा जा रहा है।

## दूसरे की जमीन को अपना बताकर 1 करोड़ 21 लाख की ठगी, जुर्म दर्ज

**रायपुर।** माना कैंप रोड रायपुर में दूसरे की जमीन को अपना बताकर 1 करोड़ 21 लाख रुपए में बेचने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया प्रवीण अग्रवाल 49 वर्ष शंकर नगर खम्हारडीह की रहने वाली है। प्रार्थिया ने मंदिरहसौद थाना में शिकायत किया कि आरोपी देवंतीन वर्मा अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर माना रोड स्थित 5 एकड़ दूसरे की जमीन को अपना बताकर प्रार्थिया से सौदा तय कर लिया और फर्जी इकरारनामा तैयार कर 1 करोड़ 21 लाख रुपए में बेच दिया। जब इस बात की जानकारी प्रार्थिया को हुई तो उसने इसकी शिकायत मंदिरहसौद थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## युवक ने पत्नी को उतारा मौत के घाट, फरार

**रायपुर।** ग्राम कोटनी में एक युवक ने अपनी पत्नी के सिर पर लोढ़ा से हमला कर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी के पति के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतिका दुर्गा यादव 4 वर्ष ग्राम कोटनी के रहने वाली थी। बताया जाता है कि आरोपी पति संतोष यादव ने पारिवारिक विवाद को लेकर अपनी पत्नी दुर्गा यादव पर सील लोढ़ा से सिर पर मारकर चोट पहुंचाया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पति फरार हो गया। मामले में मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## युवक के खाते से 1 लाख 75 हजार पार

**रायपुर।** शिवनगर में क्रेडिट कार्ड के वालेट में केश देने का झांसा देकर 1 लाख 75 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

प्रार्थी विजेन्द्र चंद्राकर 40 वर्ष शिवनगर हांडीपारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने आजाद चौक थाना में शिकायत किया कि उसके पास अज्ञात मोबाइल नंबर 90×58-559×6 से कॉल आया और उक्त व्यक्ति ने अपने आप को डीबीएस कंपनी का कर्मचारी बताकर प्रार्थी से कहा कि आपके क्रेडिट कार्ड में वॉलेट केश डालना है उसके लिए ओटीपी बताओं जिससे प्रार्थी के ओटीपी बताने पर अज्ञात आरोपी ने उसके खाते से दो बार में 1 लाख 75 हजार रुपए आहरण कर लिया।

## चौकी खड़गवां पुलिस ने हत्या के मामले में 23 आरोपियों को किया गिरफ्तार

सूरजपुर। दिनांक 10.01.2025 को ग्राम सुन्दरगंज चौकी लटोरी निवासी संजय एक्का ने चौकी खड़गवां में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 10.01.2025 को इसका मौसेरा भाई संतोष टोप्पो के कहने पर उनके पट्टे के जमीन को जोताई करने संतोष के पिता माघेराम टोप्पो, मॉ बसंती टोप्पो, भाई नरेश टोप्पो, सुरेश टोप्पो व मजदूरों के साथ ट्रेक्टर लेकर ग्राम केरता डुबकापारा खेत में जाकर खेत जोताई कर रहे थे, दोपहर 12 बजे गांव के राजकुमार, मंधारी राम, बिहारी, रोवन, बाबुलाल, सियाराम व अन्य लोगों के द्वारा एक राय होकर लाठी, डंडा, टांगी, फावड़ा लेकर खेत में आए तथा हमारे जमीन को क्यों जोताई कर रहे हो कहकर विवाद करते हुए टांगी, फावड़ा, लाठी-डंडा से जानलेवा हमला कर माघेराम, बसंती, नरेश व सुरेश को मारपीट किए। मारपीट में नरेश टोप्पो, बसंती टोप्पो की मृत्यु हो गई। गंभीर रूप से घायल माघेराम टोप्पो को उपचार हेतु अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर के द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। सुरेश घायल है जिसका उपचार अम्बिकापुर अस्पताल में चल रहा है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 11/2025 धारा 61(2), 115(2), 190, 191(3), (103) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

मामले की सूचना पर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने मामले की गंभीरतापूर्वक विवेचना करते हुए आरोपियों को जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रतापपुर नंदिनी ठाकुर के मार्गदर्शन में चौकी खडगवां व थाना प्रतापपुर की संयुक्त पुलिस टीम के द्वारा दबिश देकर 23 आरोपियों को पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। घटना में प्रयुक्त टांगी, फावड़ा, लाठी-डंडा जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है और आगे की विवेचना जारी है।




**गिरफ्तार आरोपी-**

1. राजकुमार पिता स्व. फगना राम उम्र 62 वर्ष 2. मंधारी राम पिता स्व. फगना राम उम्र 60 वर्ष 3. रामधनी पिता नानसाय उम्र 48 वर्ष 4. बिहारी पिता नानसाय उम्र 60 वर्ष 5. रोवन पिता नानसाय उम्र 50 वर्ष 6. सियाराम पिता नानसाय उम्र 58 वर्ष 7. धरमसाय पिता स्व. फगना उम्र 70 वर्ष 8. अनुकलाल पिता चुखूल उम्र 45 वर्ष 9. उजेन्द्र उर्फ उजर पिता राजकुमार उम्र 35 वर्ष 10. बिरेन्द्र टोप्पो पिता धरमसाय उम्र 29 वर्ष 11. प्रदीप टोप्पो पिता सियाराम टोप्पो उम्र 30 वर्ष 12. नरेन्द्र टोप्पो पिता मंधारी उम्र 30 वर्ष 13. सम्मू पिता बाबुलाल उम्र 37 वर्ष 14. महाजन टोप्पो पिता मटुकधारी उम्र 26 वर्ष 15. दिवालसाय टोप्पो पिता रोवन उम्र 26 वर्ष 16. कमलेश टोप्पो पिता सियाराम टोप्पो उम्र 32 वर्ष 17. अमेन्द्र कुमार पिता मंधारी उम्र 46 वर्ष 18. प्रकाश टोप्पो उर्फ डेगु पिता सियाराम उम्र 23 वर्ष 19. गुंजा राम पिता उम्र 32 वर्ष 20. रामप्रसाद टोप्पो पिता बिहारी उम्र 37 वर्ष 21. बाबुलाल पिता पंचन उम्र 60 वर्ष 22. बुच्ची उर्फ बैशाखो पति मंधारी टोप्पो उम्र 52 वर्ष 23 जसिंता टोप्पो पति प्रदीप टोप्पो उम्र 22 वर्ष सभी निवासी ग्राम केरता डुबकापारा, चौकी खड़गवां, थाना प्रतापपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, चौकी प्रभारी खड़गवां योगेन्द्र जायसवाल, एएसआई सुनील भारती, प्रधान आरक्षक विनय किस्पोट्टा, रजनीश त्रिपाठी, विनोद परीड़ा, आरक्षक हरिशंकर सिंह, अशोक कनौजिया, पंकज सिंह, मनोज राय, अनिल एक्का, रामाधार, राकेश सिदार, भगत सिंह नेताम, महिला आरक्षक लता सिंह व अंजना सक्रिय रहे।

## सेटअप बॉक्स रिचार्ज के नाम पर 99 हजार से अधिक की ठगी

**रायपुर।** सेटअप बॉक्स रिचार्ज करने के नाम पर 99500 रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ईनायक राव कपाले 64 वर्ष हाऊसिंग बोर्ड कालोनी बोरियाकला का रहने वाला है। प्रार्थी ने मुजगहन थाना में शिकायत किया कि टाटा स्काई खराब होने की शिकायत पर अज्ञात आरोपी ने 90644-17747 से कॉल कर सेटअप बॉक्स रिचार्ज करने के नाम पर प्रार्थी के खाते से 99500 रुपए आहरण कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## पुलिस के साथ अभद्रता व शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाते हुए उपद्रव करने वाले आरोपी पकड़ाये

**दुर्ग।** जिले के ग्राम उतई में आयोजित मड़ई मेला कार्यक्रम के दौरान शांति व्यवस्था कायम करने का प्रयास कर रहे पुलिस आरक्षक के साथ अभद्रता कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बता दें कि दिनांक 10.01.2025 से 12.01.2025 तक ग्राम उतई में मेला मड़ई कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है, जिसमें पुलिस बल कानून एवं शांति व्यवस्था में लगा हुआ है। दिनांक 10.01.2025 को दिन में मड़ई कार्यक्रम पश्चात् रात्रि में दशहरा मैदान बैला पसरा बाजार चौक उतई में छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का आयोजन था, जिसमें थाना उतई से पुलिस बल की ड्युटी लगाई गई थी। रात्रि में छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सुबह करीबन 5.00 बजे उतई निवासी छन्नु गिरी गोस्वामी एवं अमन देशलहरे सांस्कृतिक कार्यक्रम के मंच में चढ़कर कार्यक्रम को चालू करो और डांस करो कहकर उपद्रव करने लगे जिसे देखकर ड्यूटी में तैनात आरक्षक दिलीप सिदार के द्वारा समझाया गया किन्तु उक्त दोनों उपद्रवियों ने शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाते हुए पुलिस के साथ ही अभद्र व्यवहार किया गया।

जिस पर दोनों आरोपियों के विरूद्ध थाना उतई में धारा 121(1), 1×2, 221, ×51(×), ×(5) बीएनएस के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर त्वरित कार्यवाही करते हुए दिनांक 11.01.2025 को आरोपी छन्नू गिरी गोस्वामी पिता स्व0 सागवत गिरी गोस्वामी उम्र 7 वर्ष निवासी आदर्श नगर उतई जिला दुर्ग एवं अमन देशलहरे पिता विष्णु देशलहरे उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 07 उतई जिला दुर्ग को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। आरोपी छन्नू गिरी गोस्वामी पूर्व में थाना उतई में चोरी, पशु तस्करी तथा थाना पाटन में पशु तस्करी के आरोप में जेल जा चूका है।

## हेलमेट पहनने से सड़क दुर्घटना में बच सकती है जान :कलेक्टर

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले में संचालित पेट्रोल पंप संचालकों एवं व्हीकल डीलर्स की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग उपस्थित थे। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने बताया कि ×1 जनवरी 2025 तक सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम स्कूल, कॉलेज में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना वाहन चलाते समय हेलमेट नहीं पहनने, शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन, यातायात नियम के विरूद्ध और तेज गति से वाहन चलाने के कारण होती है। उन्होंने बताया कि दोपहिया वाहनों के सड़क दुर्घटना से मृत्यु सिर में चोट लगने से होती है, इसके लिए एक अ'छी गुणवत्ता का हेलमेट पहनेंगे तो जान बच सकती है। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनना चाहिए। इसके लिए बिना हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों की चालानी कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सभी पेट्रोल पंप संचालकों एवं व्हीकल डीलर्स को सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत ×1 जनवरी 2025 तक अनिवार्य रूप से जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कहा। उन्होंने जनजागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनने, तेज गति से वाहन नहीं चलाने और यातायात नियमों के पालन करने जैसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कहा।



जनसामान्य में हेलमेट पहनने और यातायात नियमों की जानकारी के प्रति जागरूकता लाना अनिवार्य है। जिससे सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर को कम किया जा सके।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पेट्रोल पंप संचालकों और व्हीकल डीलर्स को सड़क सुरक्षा माह के जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत 50-50 अ'छी गुणवत्ता के हेलमेट का वितरण करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जहां पर चालानी कार्रवाई होगी, वहीं पर वाहन चालक को हेलमेट का वितरण किया जाएगा और सड़क दुर्घटना से होने वाली हानि के संबंध में जागरूक किया जाएगा। जिससे वे हमेशा हेलमेट लगाकर वाहन चलाए। उन्होंने पेट्रोल पंप संचालकों को हेलमेट पहनकर आने वाले दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल में 50 पैसे की विशेष छूट, फ्लैक्स लगाकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने कहा। इसके साथ ही पेट्रोल पंपों में शौचालयों की अनिवार्य रूप से साफ-सफाई और नि:शुल्क हवा डालने की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी पेट्रोल पंपों में अ'छी गुणवत्ता का सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगाने कहा। जिस पर सभी संचालकों ने अपनी सहमति दी। कलेक्टर ने पेट्रोल पंपों में जनसामान्य को मिलने वाली निर्धारित सुविधाओं का खाद्य विभाग के अधिकारियों को नियमित रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि दोपहिया वाहन विक्रय के समय व्हीकल डीलर्स नि:शुल्क हेलमेट अनिवार्य रूप दें और इसके साथ यातायात नियमों की जानकारी देने कहा। उन्होंने सभी व्हीकल डीलर्स को अपने-अपने संस्थान में अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने और यातायात नियमों से लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने कहा।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि सबसे 'यादा मृत्यु सड़क दुर्घटना में सिर में चोट लगने से होती है। इससे बचने के लिए अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनना चाहिए। उन्होंने कहा कि ×1 जनवरी तक लोगों को सुरक्षित वाहन चलाने, हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनने और सड़क दुर्घटनाओं से बचने के उपायों की जानकारी देने सड़क सुरक्षा माह जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को स्वयं जागरूक होना होगा। उन्होंने अपने-अपने संस्थान के कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनकर आने के लिए कहा।

जिससे एक अ'छी जागरूकता जनसामान्य में जाएगी। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा दोपहिया वाहन चालक दुर्घटना से ग्रसित होते हैं। बड़े वाहन की गलती कारण भी दोपहिया वाहन चालकों की दुर्घटना हो जाती है। इसके लिए हेलमेट पहनना बहुत जरूरी है। उन्होंने पेट्रोल पंप संचालकों को विशेष छूट के साथ-साथ × सवारी, शराब सेवन कर और तेज गति से वाहन नहीं चलाने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए कैम्प लगाकर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने कहा। उन्होंने कहा कि वाहन विक्रय करते समय संबंधित का ड्राईविंग लायसेंस को दस्तावेज के रूप में अनिवार्य रूप में लें। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को नये वाहनों का नंबर प्लेट शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए।

## सरकार की योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा की सीईओ ने

**राजनांदगांव।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सभी महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के अधिकारी उपस्थित रहे। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण पात्र हितग्राहियों के पंजीयन करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि एवं लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत स्वीकृत आवासों में मनरेगा के माध्यम से मस्टररोल जारी करने के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी जनपद पंचायतों को प्रगतिरत आवासों मस्टर रोल जारी करने निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माण में लगने वाली सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। इसके लिए हितग्राहियों को चयनित फर्मों की सूची उपलब्ध करने निर्देशित किया गया।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने आगामी त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन महत्वपूर्ण कार्य है, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं करें। सभी अधिकारी अपने कार्यों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें। बैठक में मिशन जल रक्षा अन्तर्गत चयनित 27 गांवों में जल संरक्षण की दिशा में किये जाने वाले कार्यों की समीक्षा की गयी। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने सभी अधिकारियों को अभियान अन्तर्गत संगोष्ठी का आयोजन कर ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने कहा। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत मृत्यु दावा प्रकरणों के भुगतान का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। सक्रिय महिला सदस्यों को बीमा के कार्यों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने कहा गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों में आ रही तकनीकी समस्या का तत्काल निराकरण करने निर्देशित किया गया। उन्होंने प्रत्येक शनिवार को ग्रामों में आयोजित स्व'छता त्यौहार के आयोजन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट की दिशा में आवश्यक सभी आवश्यक कार्य करने कहा। बैठक में जिला पंचायत के अधिकारी उपस्थित थे।

# लैंको अमरकंटक को संजीवनी मिलेगी अडाणी समूह से, गौतम ने जायजा लिया

## अब इस समूह की उत्पादन क्षमता हुई 15 हजार मेगावाट से अधिक

**कोरबा।** पिछले दशक में विशाखापट्टनम की एक पार्टी के द्वारा कोरबा जिले के पताढ़ी-पहंदा क्षेत्र में तैयार किए गए 600 मेगावाट के लैंको अमरकंटक पावर प्रोजेक्ट का प्रचालन अधिक समय तक नहीं हो सका। पुनर्वास और रोजगार समेत कई मुद्दों को लेकर लगातार हड़ताल के कारण परियोजना के दुर्दिन आ गए और फिर इसे आखिरकार ड्राप करने की नौबत आ गई। पिछले साल नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल की मध्यस्थता के साथ उद्योगपति अडाणी ग्रुप को यह परियोजना बेच दी गई। 4,101 करोड़ के शुरुआती भुगतान के साथ यह परियोजना अडाणी समूह की हो गई। इस प्रक्रिया के बाद आज पहली बार समूह के चेयरमेन गौतम अडाणी आज कोरबा पहुंचे। उन्होंने इस बिजली घर का बारीकी से जायजा लिया।

वीवीआईपी केटेगरी में शामिल देश के प्रमुख और अग्रणी उद्योगपति गौतम अडाणी रायगढ़ से कोरबा पहुंचे। यहां उनका स्वागत प्रशासन के अधिकारियों सहित लैंको की टीम ने किया। औपचारिक परिचय के बाद अडाणी



अपनी टीम के साथ लैंको अमरकंटक पावर प्लांट के निरीक्षण के लिए रवाना हुए। उन्होंने यहां के कोल स्टॉक के साथ-साथ बॉयलर, टर्बाइन, कूलिंग सिस्टम और पावर जनरेशन के अलावा बिजली बनाने की प्रक्रिया और राख उत्सर्जन से जुड़े तंत्र का अवलोकन किया। पिछली समस्याओं के बारे में अधिकारियों से पूछताछ की गई। अनुमानित 15 हजार करोड़ में अडाणी समूह ने लैंको अमरकंटक के सकल दायित्व को लिया है। नियमों के अंतर्गत एनसीएलटी के मसौदे के हिसाब से उसे न्यूनतम 60 दिन के भीतर अपने अगले काम शुरू करने हैं। उक्तानुसार अब गतिविधियां तेज हुईं हैं। बताया गया कि मौजूदा बिजली उत्पादन क्षमता में अडाणी समूह अपने इस नए बिजलीघर का विस्तार करने की मानसिकता में है। संभावित है कि यहां उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और इसके लिए नई इकाईयों को स्थापित किया जाएगा। माना जा रहा है कि विस्तार योजना के अंतर्गत प्लांट क्षेत्र में आसपास की जमीन के अधिग्रहण के साथ आगे की प्रक्रियाओं को सरलीकृत करने और अन्य संभावनाओं को जानने के लिए गौतम अडाणी का यह दौरा जिले में हुआ है।

### रोजगार सृजन पर भी होगा काम

संभावना जताई जा रही है कि अडाणी समूह ने बिजली उत्पादन के साथ लॉजिस्टिक सेक्टर में जिस प्रकार से काम किए हैं उससे बड़ी संख्या में रोजगार का नियोजन हुआ है और लाखों परिवारों की जीविका सुनिश्चित हुई है। कोरबा जिले में लैंको अमरकंटक प्लांट के अडाणी समूह के हाथ में आने से आगे होने वाले काम से रोजगार सृजन पर काम होने की उम्मीद है। इससे काफी लोगों को लाभ हो सकता है।

## गौरा पूजा महोत्सव में शामिल हुए कृषि मंत्री नेताम



**कोरबा।** प्रदेश सरकार के अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग विकास और कृषि मामलों के मंत्री रामविचार नेताम का आज कोरबा आगमन हुआ। वे सड़क मार्ग से पूर्वान्ह पाली पहुंचे जहां पर अधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत सत्कार किया। दोपहर एक बजे से वे वनवासी कल्याण आश्रम के द्वारा महर्षि वाल्मिकी आश्रम में आयोजित गौरा पूजा महोत्सव व पुजारी सम्मेलन में शामिल हुए। आयोजकों ने मंत्री का सम्मान किया। नेताम ने इस अवसर पर अपनी बात रखी और आदिवासी समाज की परंपरा के अंतर्गत किए जा रहे आयोजन के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अतीत से समाज की गौरवशाली परंपरा कायम है। सभ्यता के आधुनिक युग में भी लोग पुरानी परंपराओं से जुड़े हुए हैं यह अच्छी बात है। आयोजकों ने इस परिसर के विकास की तरफ मंत्री का ध्यान आकर्षित किया। जिस पर उन्होंने जल्द संज्ञान लेने का भरोसा दिया। इसके बाद उन्होंने स्थानीय कार्यकर्ताओं से भेंट की और घरघोड़ा रायगढ़ के लिए रवाना हुए। सरस्वती शिशु मंदिर के वार्षिक उत्सव में उपस्थिति दर्ज कराने के बाद वे रायपुर के लिए रवाना होंगे।

## बिजली चोरी करने पर युवक को सुनाई गई कारावास की सजा

**कोरबा।** ऊर्जा नगरी कोरबा के मानस नगर में बिजली बिल का बकाया भुगतान नही करने के कारण विभाग द्वारा विच्छेद किए गए विद्युत कनेक्शन को दुबारा जोड़ बिजली चोरी करने वाले युवक को विशेष अदालत ने अर्थदण्ड व एक माह साधारण कारावास की सजा सुनाई है।



अधिवक्ता धनेश

प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपाल प्रसाद पिता रामप्रसाद पटेल उम्र 28 वर्ष ने अपने आधिपत्य के मानस नगर स्थित आवासी परिसर में बिजली कनेक्शन लगवा था जिसका बकाया भुगतान उसके द्वारा लंबी अवधि से नही किए जाने के कारण बढ़कर 1 लाख 26 हजार 795 हो गया था। जिस पर विद्युत वितरण विभाग के जोन कार्यालय ने उसका कनेक्शन विच्छेद कर दिया था। तथा दुबारा नही जोड़ने की चेतावनी दी थी। चेतावनी के बावजूद आरोपी अपने आवास पर अवैध तरीके से दोबारा कनेक्शन जोड़ कर बिजली चोरी कर रहा था। जिसे विद्युत विभाग की टीम ने जांच के दौरान पकड़ा और इसकी सूचना पुलिस थाने में देते हुए आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाया था। साथ ही मामले को अदालत ले गया । अदालत में सुनावाई के पश्चात विशेष न्यायधीश (विद्युत अधिनियम) सत्येन्द्र कुमार साहू ने आरोपी गोपाल प्रसाद को बिजली चोरी करनेके मामले में दोषी ठहराते हुए विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अपराध में 3000 रूपये के अर्थदण्र्ड एवं एक माह साधारण कारावास तथा धारा 138 के अपराध में एक हजार रूपए के अर्थदण्ड व 10 दिवस कारावास की सजा सुनाई है। परिवादित छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी तुलसीनगर जोन की ओर से मामले की पैरवी अधिवक्ता धनेश सिंह ने की।

## दावेदार पहुंच रहे मंत्री और आकाओं के पास

**कोरबा।** नगर निगम कोरबा महापौर का पद सामान्य महिला आरक्षित होने के बाद भाजपा में दावेदारों की लंबी फेहरिस्त हो गई है। अब दावेदार नगर विधायक एवं प्रदेश के उद्योग मंत्री लखन देवांगन से मुलाकात कर टिकट दिलाने की मांग कर रहे हैं।

## सर्वसम्मति के आधार पर कांग्रेस देगी टिकट, बागियों पर कसेगी नकेल



**कोरबा।** कांग्रेस पार्टी ने तय किया है कि नगरीय निकाय चुनाव में अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए प्रत्याशी चयन सर्वसम्मति के आधार पर किया जाएगा। ऐसे में बगावट की संभावना कम होगी। अन्य स्थिति में बागियों पर तुरंत एक्शन होगा।

कटघोरा नगर पालिका के मामले में निकाय चुनाव को लकर एक बैठक में पर्यवेक्षक और पूर्व विधायक मोहितराम केरकेट्टा ने इस बात को स्पष्ट किया। कहा गया कि पक्ष में माहौल तैयार करने के लिए रीति-नीति लोगों तक पहुंचाई जाएगी। पर्यवेक्षक ने बताया कि हर हाल में अध्यक्ष व पार्षद के लिए योग्य प्रत्याशी चुने जाएंगे। उन्हें जिताने का दायित्व संगठन का होगा। अब तक अध्यक्ष के लिए 5 और पार्षद के लिए 14 नाम सामने आए हैं। पूर्व विधायक ने बताया कि बैठक में दावेदारों से मुलाकात की गई, जिससे संकेत मिला कि मजबूती के साथ इस चुनाव को लड़ा जाएगा। बैठक में पर्यवेक्षक के साथ प्रदेश संयुक्त महामंत्री हरीश परसाई, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, पूर्व नपा अध्यक्ष रतन मित्तल, सुरेंद्र प्रताप जायसवाल, राजीव शर्मा व अन्य लोग उपस्थित थे।

## उपद्रवी को पकड़ने गई पुलिस से अभद्रता, गाड़ी में तोड़फोड़

**कोरबा।** ऐसा लगता है कि जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में पुलिस के ग्रह-नक्षत्र कुछ अच्छे नहीं चल रहे हैं। आए दिन अपनी भूमिका से पुलिस विवादों में फंस रही है तो कहीं उसके साथ अप्रत्याशित व्यवहार भी हो रहा है। ऐसी ही एक घटना में आरक्षक मारपीट का शिकार हो गया जो शराबी को पकड़ने टीम के साथ गया हुआ था।

बताया गया कि हरदीबाजार थानांतर्गत सिल्ली बोईदा गांव में डायल 112 की टीम के साथ मारपीट करने के साथ ही वाहन में तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है,जहां 112 वाहन में मौजूद आरक्षक के साथ मारपीट की गई। बताया जा रहा है,कि गांव में हुई उपद्रव की शिकायत पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची हुई थी,जहां शराब के नशे में धुत्त आरोपी अनिल नायक ने पुलिस आरक्षक जितेंद्र रात्रे के साथ मारपीट की और 112 के वाहन में तोड़फोड़ की।

मारपीट के दौरान पीड़ित आरक्षक ने आरोपी युवक के साथ हाथापाई भी की। ग्रामीणों की मदद से आरोपी को जैसे-तैसे वाहन में बैठाकर थाना लाया गया। आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## 46 हाथी घूम रहे मड़ई सर्किल में

**कोरबा।** कटघोरा वन मंडल के एतमा नगर व केंदई रेंज में 48 हाथी घूम रहे है। जिसमें 46 हाथी एतमा नगर के मड़ई सक्रिल तथा 2 की केंदई में मौजूदगी बनी हुई है। बड़ी संख्या में हाथियो के क्षेत्र में बनें रहने से ग्रामीणों को खतरा बढ़ गया है। इसे देखते हुए वन विभाग सर्तक हो गया है। तथा मड़ई तथा आसपास के गांवो में मुनादी कराने के साथ ग्रामीणों को सर्तक किया जा रहा है। हाथियों के बुका पर्यटन स्थल के आसपास पहुंचने की संभावना को देखते हुए वहां पर्यटकों को भी सावधान किया जा रहा है।

## सराफा कारोबारी की हत्या : पुलिस का दावा चोरी के चक्कर में किया कारनामा

**कोरबा।** सराफा कारोबारी गोपाल राय सोनी की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि उसके घर से सामानों की चोरी करने के चक्कर में इस वारदात को अंजाम दिया गया। कहा गया कि आरोपियों ने कुछ सामान सबूत मिटाने के इरादे से फेंक दिए जबकि कुछ बरामद हुए हैं।

बिलासपुर के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला ने स्थानीय पुलिस सभागार में मीडिया से बातचीत करते हुए इस बारे में जानकारी दी। बताया गया कि 6 जनवरी की रात गोपाल राय सोनी की हत्या कर दी गई थी। इस ब्लाइंड मर्डर में शामिल आरोपियों की खोज के लिए 70 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की टीमें जुटाई गई। कई स्तर पर जांच की गई।



पुलिस का कहना है कि इस सनसनीखेज हत्याकांड को किसी और ने नहीं बल्कि नए एवं पुराने ड्राइवर ने एक अन्य साथी के साथ मिलकर अंजाम दिया था। अंत्येष्टि से लेकर अन्य कार्यों में भी वह शामिल होता रहा। पुलिस ने वारदात में शामिल तीन में से दो आरोपियों आकाश गोस्वामी व मोहन मिंज को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुराना ड्राइवर सूरज फरार है जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि जांच प्रक्रिया में उसने कुछ सीसीटीवी फुटेज खंगाले। दो संदिग्ध दिखे जो 7.36 बजे पैदल दीवार फांदकर अंदर घुसे और फिर निकले नहीं। बाद में 10.59 बजे घर से कार में निकलते दिखे लोगों का हुलिया इनसे मिला। कार की तलाश के दौरान परसाभाठा बालको मार्ग में गाड़ी दिखी जो रिस्दा बस्ती से बरामद हुई। फिर इस रास्ते 360 ष्ष्ह्ल1 फुटेज को बारीकी से खंगालकर गाड़ी के रूट का पता लगाया। 10.01 से 10.22 बजे के बीच में उक्त कार के आने का रूट पता चला। इस बीच यह भी पता चला कि गाड़ी की पार्किंग तक खून की बून्द दिखी जिससे आरोपी के घायल होने का पता चला। मैनुवल पड़ताल में मोहन मिंज के चोटिल होने का पता चला। उसे हिरासत में लेने पर खुलासा हुआ।

चालक सूरज गोस्वामी पूर्व् चालक था और आकाश गोस्वामी वर्तमान चालक था। सूरज कर्ज में था। सूरज को पता था कि ज्वेलरी लेकर आते हैं। दुकान में चोरी की प्लानिंग थी, दुकान की चाबी सूटकेश में रहती थी। घटना की प्लानिंग 25 दिसम्बर को की गई थी। सूरज व आकाश दोनों भाई ने मिलकर योजना बनाई व मोहन मिंज आदतन बदमाश को शामिल किया। इनको पता था कि पुत्र नचिकेता वर्क फ्रॉम होम रहता था लेकिन रविवार को शाम को दुकान जाता है। घटना दिनांक की रात घर के पास खंडहर नुमा मकान में पहले से छिपे थे। जैसे ही गोपाल राय को चालक ने घर मे छोड़ा और नचिकेता दुकान गया तो तीनों घर मे दीवार फांदकर घुसे। उस समय गोपाल राय पत्नी के कमरे में थे कि आरोपी अलग-अलग छिप गए। एक आरोपी सूरज घर के परिसर में मंदिर में छिप गया था जहां पहुंचे गोपाल राय ने सूरज को देख लिया।






स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com